

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 विराट कोहली भी खेलेंगे घरेलू क्रिकेट.....

युवराज ने दो टेस्ट सीरीज हारने के बावजूद किया रोहित शर्मा का समर्थन...... 11



वर्ष : 12 | अंक : 274 | पटना, शनिवार, 18 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## राहुल गांधी आज पटना में, कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी

### बापू सभागार में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में होंगे शामिल





पटना। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज यानी शनिवार को बिहार के एकदिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव और नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद यह उनकी पहली बिहार यात्रा है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि कल सबसे पहले पटना एयरपोर्ट से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी बापू सभागार में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होंगे और वहां दो घंटे तक कार्यक्रम में रहने के बाद प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम आयेंगे। राहुल गांधी के कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है और विशाल पंडाल की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही नवनिर्मित भवनों को तेजी से सजाया जा रहा है और रंग रोगन का कार्य पिछले महीनों से लगातार चल रहा है। इसकी समीक्षा खुद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह कर रहे हैं और वें लगातार कार्यक्रम स्थल पर डटकर एक एक तैयारियों की समीक्षा कर रहें हैं। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने मंच से लेकर पंडाल और कार्यकताओं के बैठने के स्थान तक की बारीकी से समीक्षा की और अपने देखरेख में एक एक व्यवस्था को संचालित कर रहे हैं।

### सदाकत आश्रम में नवनिर्मित भवन का करेंगे उद्घाटन

बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम के कर्मचारियों के नवनिर्मित भवन जिसका नाम इंदिरा भवन रखा गया है उसका उद्घाटन करेंगे और कर्मचारियों को आवास की चाबी सौंपेंगे। इसके बाद वें कांग्रेस मुख्यालय के मुख्य सभागार के नवीनीकरण के उपरांत उसका उद्घाटन करेंगे, इस सभागार का नामकरण राजीव गांधी सभागार के नाम से करने की घोषणा भी करेंगे। इसके पश्चात वें प्रदेश मुख्यालय के मैदान में आयोजित विशाल कार्यकर्ता न्याय सम्मेलन में पूरे प्रदेश से आएं कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की यह यात्रा इसलिए भी मायने रखती है कि वें भारत जोड़ो न्याय यात्रा और लोकसभा चुनावों के बाद पहली बार बिहार आ रहे हैं और कांग्रेस कार्यकताओं से सीधा संवाद करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित सभी वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहेंगे।

## सीएम नीतीश ने स्वतंत्रता सेनानियों को दी श्रद्धांजलि

### बख्तियारपुर में आयोजित राजकीय समारोह में हुये शामिल




पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पटना जिले के बख्तियारपुर में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने अमर शहीदों स्व डुमर सिंह, प्रतिमा स्थल गणेश उच्च विद्यालय परिसर, बख्तियारपुर, शहीद नाथुन सिंह यादव प्रतिमा स्थल नया बाईपास, राघोपुर तिराहा, बख्तियारपुर, स्व मोगल सिंह प्रतिमा स्थल प्रखंड कार्यालय परिसर, बख्तियारपुर, स्व पं शीलभद्र याजी प्रतिमा स्थल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर, बख्तियारपुर एवं स्व कविराज रामलखन सिंह वैद्य प्रतिमा स्थल नवनिर्मित डाकबंगला परिसर, बख्तियारपुर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

## संक्षिप्त खबरें

### सिक्किम में वाहन खाई में गिरा, पांच लोगों की मौत

गंगटोक। सिक्किम के ग्यालशिंग जिले में एक कार के खाई में गिर जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार रात पांच लोगों को लेकर जा रही एक कार रटोमेटी के पास पहाड़ी से लुढ़क कर 500 फुट गहरी खाई में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने सुबह पुलिस को सूचित किया और सभी पांचों लोगों के शव बरामद कर लिए गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय वाहन ग्याथांग से अपर चोंगरांग जा रहा था। मृतक, पश्चिमी सिक्किम के युकसोम-ताशीडिंग निर्वाचन क्षेत्र के अपर अरिथांग के निवासी थे।

### वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले केन्द्रीय मंत्री चिराग



पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शुक्रवार को नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। इस दौरान आने वाले दिनों में पेश होने वाले आम बजट 2025 में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की भूमिका पर सार्थक चर्चाएं हुई। साथ ही भारत के आर्थिक विकास में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के योगदान को लेकर भी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार साझा किए गए। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दी।

## गृह मंत्री बोलें- नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन

# देश 2026 तक नक्सलमुक्त होकर रहेगा : अमित शाह



### मोदी सरकार इसे समाप्त करने के लिए संकल्पित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नक्सलमुक्त भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा। उन्होंने इस पोस्ट में गुरुवार को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा नक्सलियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का भी जिक्र किया। गृह मंत्री ने कहा, नक्सलवाद लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है और मोदी सरकार इसे समाप्त करने के लिए संकल्पित है। गुरुवार को बीजापुर में केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर नक्सलियों के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त की। मोदी सरकार नक्सलमुक्त भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलमुक्त होकर रहेगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ के दौरान बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं, जिनमें एसएलआर और अन्य खतरनाक हथियार शामिल हैं। यह मुठभेड़ बीजापुर के पुजारी कांकेर, मारुरबाका और तेलंगाना सीमा से सटे इलाकों में हुई थी। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार सुबह करीब नौ बजे डीआरजी बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा की संयुक्त टीम, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की टीम और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। इसके बाद करीब एक हजार सुरक्षाकर्मियों ने नक्सलवादियों को चारों तरफ से घेर लिया था। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के बड़े कैडरों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद डीआरजी बीजापुर, डीआरजी सुकमा, डीआरजी दंतेवाड़ा, कोबरा 204, 205, 206, 208, 210 और केरिपु 229 बटालियन की संयुक्त टीम के साथ यह ऑपरेशन शुरू किया था। इससे पहले बीजापुर जिले में गुरुवार को ही नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस के विस्फोट में सीआरपीएफ की कोबरा इकाई के दो कमांडो घायल हो गए थे।


### सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड में 17 नक्सली ढेर



छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले और तेलंगाना के संयुक्त अभियान में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हो गए है। बीजापुर में गुरुवार सुबह करीब नौ बजे से शुरू हुई मुठभेड़ शुक्रवार को खत्म हो गई। घटना स्थल से जवानों की टीम वापसी कर रही है। पुजारी कांकेर और मारुडबाका के जंगलो में हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली ढेर हुए हैं जिसमें से 12 के शव बरामद भी कर लिए गए हैं। वहीं डीआरजी का एक जवान घायल भी हुआ है। 1100 से ज्यादा सुरक्षाकर्मी बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा के डीआरजी के जवान भी शामिल हैं इस अभियान का हिस्सा थे। इसके अलावा, कोबारा बटालियन के सीआरपीएफ जवानों का भी इस ऑपरेशन में सहयोग रहा। मुठभेड़ का यह इलाका तेलंगाना राज्य की सीमा से सटा हुआ है। दरअसल, बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर तीन जिलों के नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। गुरुवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी।

# यात्रा को आसान बनाना भारत की एक बड़ी प्राथमिकता है: मोदी

### पीएम ने भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी एवं सम्मेलन का किया उद्घाटन



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यात्रा को आसान बनाना भारत की एक बड़ी प्राथमिकता है और पिछले बजट में बुनियादी ढांचा विकास के लिये 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय का प्रावधान किया गया था। श्री मोदी ने कहा, हम कई लेन वाली सड़कों और राजमार्गों के नेटवर्क का विस्तार करने में लगे हैं। प्रधानमंत्री राजधानी में भारत मोबिलिटी वैश्विक प्रदर्शनी एवं सम्मेलन का उद्घाटन करते हुये यह विचार व्यक्त किये। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तीन स्थलों पर आयोजित वाहन और मोबिलिटी का उद्योग का यह विशाल कार्यक्रम 22 जनवरी तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश की 1500 हजार से अधिक कंपनियां भाग ले रही हैं। श्री मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुये कहा, मुझे याद है कि मैंने मोबिलिटी से जुड़े एक कार्यक्रम में 7सी के विजन की चर्चा की थी। हमारे मोबिलिटी समाधान ऐसे हों, जो कॉमन हों, कनेक्टेड हों, कनविनिएंट हों, कंजेशन फ्री हों, चार्जड हों, क्लीन हों और कटिंग एज हों। उन्होंने कहा कि भारत में हमारे वाहन क्षेत्र के विकास के लिये आकांक्षा और आवश्यकता की जरूरत है और ये दोनों चीजें भारत में जीवंत हैं। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र बना रहेगा। यही युवा आपका ग्राहक होगा, क्योंकि युवा ही भारी मांग सृजित करते हैं। आपके दूसरा ग्राहक मध्यमवर्गीय लोग हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत के वाहन उद्योग ने पिछले वर्ष 12 प्रतिशत की वृद्धि दर से प्रगति की। मेक इन इंडिया और मेक फॉर दी वर्ल्ड के मंत्र पर चलते हुये, अब निर्यात भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की यात्रा मोबिलिटी क्षेत्र के अभूतपूर्व बदलाव की भी यात्रा होगी और यह कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। श्री मोदी ने कहा कि देश की युवा आबादी, समृद्धि हो रहा मध्यवर्ग, बढ़ता शहरीकरण, आधुनिक और अवसंरचना सुविधायें, भारत में बनें मुनासिब दाम के वाहनों की आपूर्ति ये बातें भारत के वाहन क्षेत्र को आगे बढ़ाने जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के शुरू में, जनता से लगातार तीसरी बार अपने सरकार के लिये जनादेश मिलने का उल्लेख किया और उन्होंने कहा, ह्र पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था, तब लोक सभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे। उस दौरान, मैंने आप सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी भारत मोबिलिटी एक्सपो में जरूर आउंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया, आप सभी ने मुझे यहां बुलाया, इसके लिये मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

### स्वामित्व योजना के तहत संपत्ति कार्ड आज सौंपेंगे पीएम

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संपत्ति मालिकों को लाखों संपत्ति कार्ड सौंपेंगे। प्रधानमंत्री ने स्वयं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी। ये संपत्ति कार्ड आपसी झगड़ों को निपटाने में सहायक होंगे। पीएम मोदी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा, स्वामित्व योजना के तहत देशभर के ग्रामीण इलाकों के मेरे भाई-बहनों को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिले, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप में तैयार किया जाता है, जिससे लोगों को अपनी जमीन पर मालिकाना हक का अधिकार मिलता है। इस पहल का उद्देश्य भूमि विवादों को कम करना और भूमि के मालिकाना हक को स्पष्ट करना है, ताकि किसानों को आसानी से लोन मिल सके। इस योजना में ड्रोन सर्वे, जीआईएस और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि जमीन के स्वामित्व को स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जा सके और लोगों के आपसी झगड़ों को आसानी से खत्म किया जा सके।

## आठवें वेतन आयोग में सैलरी और पेंशन 25-30 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद



नई दिल्ली/एजेंसी। आठवां वेतन आयोग लागू होने के बाद केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में 25 से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। इसी अनुपात में रिटायर्ड कर्मचारियों की पेंशन में भी इजाफा हो सकता है। यह जानकारी एक्सपर्ट्स द्वारा शुक्रवार को दी गई। सरकार हर 10 साल के अंतराल कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी के लिए नया वेतन आयोग लाती है। इस कारण आठवां वेतन आयोग एक जनवरी,2026 से लागू हो सकता है, क्योंकि सातवां वेतन आयोग एक जनवरी, 2016 से लागू हुआ था। अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से रक्षा कर्मियों सहित लगभग 50 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 65 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लाभ होगा। सातवें वेतन आयोग ने 2.57 का फिटमेंट फैक्टर लागू किया था, जिससे औसत सैलरी में 23.55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। इससे पहले छठे वेतन आयोग ने 1.86 का फिटमेंट फैक्टर लागू किया था। टीमलीज डिजिटल की सीईओ नीति शर्मा ने कहा, ह्रआठवें वेतन आयोग में 2.6 से लेकर 2.85 के बीच फिटमेंट फैक्टर की संभावना है, जिससे सैलरी में 25-30 प्रतिशत और पेंशन में आनुपातिक वृद्धि हो सकती है। न्यूनतम वेतन, भत्ते, अलाउंस और परफॉर्मेंस पे सहित 40,000 रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। शर्मा ने कहा कि महंगाई, बढ़ता खर्च और पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर के पारिश्रमिक के बीच बढ़ते अंतर का मुकाबला करने के लिए इस तरह के संशोधन महत्वपूर्ण हैं। वित्तीय लाभों के अलावा, संशोधित सैलरी डिस्पोजेबल आय में भी वृद्धि करेंगे और इससे खपत बढ़ेगी और अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। 1947 से अब तक सात वेतन आयोग गठित हो चुके हैं। सातवां वेतन आयोग 2016 में लागू हुआ था। यह 2026 को समाप्त होगा। सरकार के कहा, 2025 में 8वें वेतन आयोग के गठन का निर्णय लेने से हमारे पास 7वें वेतन आयोग की अवधि पूरी होने से पहले सिफारिशें प्राप्त करने के लिए पर्याप्त समय होगा।

## पुणे-नासिक हाईवे : सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत

पुणे/एजेंसी। पुणे-नासिक हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार मिनी वैन सड़क के किनारे खड़ी एक बस से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 10 बजे पुणे-नासिक हाईवे पर नारायणगांव के पास हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिनी वैन नारायणगांव की तरफ जा रही थी, तभी पीछे से एक टेंपो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वैन का रास्ता बदल गया और वह बस से जा टकराई। इस हादसे में वैन में सवार नौ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में मिनी वैन में सवार सभी नौ यात्रियों की मौत हो गई है। हादसे की फिलहाल जांच की जा रही है। इस मामले में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि बीते गुरुवार को मुंबई दहिसर टोल नाके पर एक कार डंपर से टकरा गई थी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं, एक यात्री को सुरक्षित बचाया गया था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में आग लग गई थी और वह जलकर राख हो गई थी।

## जब्त शराब की बोतलें छिपाने के आरोप में तीन पुलिस कर्मी गिरफ्तार

पटना। बिहार में भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) की जब्त की गई 16 बोतलें एक थाना परिसर में छिपाने के आरोप में तीन पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बिहार में शराब का सेवन, बिक्री और भंडारण प्रतिबंधित है। पटना के सुल्तानगंज थाने में हुई इस घटना के सिलसिले में पुलिस कर्मियों के अलावा एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। शहर पुलिस अधीक्षक (एसपी) (पूर्व) के. रामदास ने बताया, जब्त की गई शराब की 16 बोतलें सुल्तानगंज थाना परिसर में छिपाने के आरोप में पुलिस के तीन कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। बृहस्पतिवार को की गई गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है। सुल्तानगंज थाने में तैनात पुलिस के तीनों कर्मियों की पहचान सहायक उपनिरीक्षक मुरारी कुमार, कांस्टेबल नागेंद्र पासवान और चालक शैलेश कुमार के रूप में हुई है। रामदास ने बताया, पुलिस ने 14 जनवरी को सुल्तानगंज थाने के अधिकार क्षेत्र में मरीन ड्राइव के पास एक वाहन में 46 बोतल आईएमएफएल ले जाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। पुलिस अधिकारी गिरफ्तार किए गए लोगों को थाने ले आए, लेकिन उस वाहन और उसके चालक को वह नहीं लेकर आए। उन्होंने चालक को बिना किसी रोक-टोक के जाने दिया। जांच के दौरान पाया गया कि जब्त की गई शराब की 16 बोतलें गायब थीं। एसपी ने बताया कि जांच शुरू की गई और सुल्तानगंज थाना परिसर में एक पेड़ के पास छिपाए गए एक बैग में वो बोतलें बरामद की गईं। रामदास ने कहा, जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# लॉस एंजिलिस में जल्द खोला जाएगा भारतीय वाणिज्य दूतावास : जयशंकर

### विदेश मंत्री बोलें

### अमेरिका को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वीजा परिचालन यथाशीघ्र शुरू हो



बेंगलुरु/एजेंसी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने अमेरिका से बेंगलुरु में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास स्थापित करने का अनुरोध किया था और लॉस एंजिलिस में एक भारतीय राजनयिक मिशन खोलने का वादा किया है। वह भारत में पांचवें अमेरिकी वाणिज्य दूतावास खोले जाने से जुड़े एक समारोह में भाग लेने के लिए शुक्रवार को बेंगलुरु में हैं। यहां यह वाणिज्य दूतावास जल्द ही काम करना शुरू कर देगा। जयशंकर ने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गासेर्टी ने अपने संबोधन में कहा कि बेंगलुरु स्थित वाणिज्य दूतावास फिलहाल वीजा सेवाएं प्रदान नहीं करेगा। जयशंकर ने अपने भाषण में इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वीजा परिचालन यथाशीघ्र शुरू हो। उन्होंने कहा, जब मैं अगले विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मिलने जाऊंगा तो मेरे लिए चर्चा का यह पहला विषय होगा। हम इसे जितनी जल्दी पूरा कर लेंगे, उतना ही बेहतर होगा। जयशंकर ने आंकड़ों का हवाला देते हुए अमेरिका से अपील की कि वह यथाशीघ्र बेंगलुरु से वीजा जारी करना शुरू करे। उन्होंने कहा, मैं आंकड़े देख रहा था और यह देखकर बहुत खुश हुआ कि पिछले साल, आरपीओ (क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय) बेंगलुरु ने 8,83,000 पासपोर्ट जारी किए। यह सिर्फ एक साल का आंकड़ा है। हिसाब लगाकर देखिए और आप पाएंगे कि यात्रा को सुचारू बनाना कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि यहां से हर हफ्ते सैन फ्रांसिस्को के लिए तीन उड़ानें हैं। जयशंकर ने कहा, उम्मीद है कि अगर बोइंग और एयरबस अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो और भी बहुत कुछ होगा। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास की लंबे समय से मांग थी। उन्होंने कहा, पहला, मेरा मानना है कि बेंगलुरू इसका हकदार था और इसकी उम्मीद भी थी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि बेंगलुरु का इतना महत्वपूर्ण स्थान है कि मेरे लिए यह जरूरी है कि यहां अमेरिकी राजनयिकों की स्थायी उपस्थिति हो। विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि पिछले पांच सालों में जब भी वह इस शहर में आए हैं, यहां हमेशा कोई न कोई उनसे पूछा करता था, तो, वह वाणिज्य दूतावास कब खुल रहा है? उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इस वाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन एक और संकेत है कि हम इतिहास की झिझक पर काबू पा रहे हैं। अब यह हमारी पहुंच में है, संभावना के दायरे में है, कि हम भारत-अमेरिका संबंधों की क्षमता को पूरी तरह से महसूस कर सकें। और मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है कि बेंगलुरु भी संबंधों में अपनी क्षमता को महसूस करे। गासेर्टी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि बेंगलुरू में वाणिज्य दूतावास स्थापित करना भारत में उनका अंतिम कार्य होगा।

### लॉस एंजिल्स में जंगल की आग से 27 लोगों की मौत

लॉस एंजिलिस। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी भीषण जंगल की आग से एक सप्ताह से अधिक समय में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गयी है और 12,300 से अधिक संरचनाएं नष्ट हो गयी है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। लॉस एंजिल्स में दो प्रमुख जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों ने क्षेत्र में हवाएं धीमी हो जाने से गुरुवार को भी प्रयास जारी रखे। पालिसैड्स फायर लॉस एंजिल्स क्षेत्र में सबसे बड़ी सक्रिय जंगल की आग में से एक है जिससे अब तक 23,713 एकड़ में स्थित क्षेत्र झुलस गया है। गत सात जनवरी को लगी आग पर 22 प्रतिशत काबू पा लिया गया है। यह एक दिन पहले 17 प्रतिशत थी। कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेस्ट्री एंड फायर प्रोटेक्शन (कैल फायर) ने गुरुवार को एक अपडेट में कहा, मौसम की स्थिति मौसमी रूप से सामान्य हो गई है और आग वर्तमान परिधि के भीतर ही रहने की उम्मीद है और कोई अतिरिक्त वृद्धि की आशंका नहीं है। कैलिफोर्निया के वन एवं अग्निशमन विभाग कैल फायर ने कहा, कर्मचारियों ने फायर लाइन की स्थापना और सुधार करना जारी रखा है, गर्म स्थानों की तलाश कर रहे हैं और उन्हें बुझा रहे हैं तथा अब भी जोखिम वाले क्षेत्रों में संरचनात्मक क्षति को सीमित करने के लिए रोकथाम लाइनों का निर्माण कर रहे हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
पटना, शनिवार, 18 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय सेवा योजना व पर्यावरण मंच के संयुक्त तत्त्वावधान में स्वच्छता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

दरभंगा।कामेश्वर सिंह दरभङ्गा संस्कृत विश्वविद्यालय में युवा चेतना मंच, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पर्यावरण मंच के संयुक्त तत्त्वावधान में विश्वविद्यालयीय आनन्द विलास कैम्पस एवं एसबीआई बैंक के सामने में स्वच्छता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आज स्वच्छता का यह कार्यक्रम स्वमी विवेकानन्द जी की जयन्ती के अवसर पर कामेश्वर सिंह दरभङ्गा संस्कृत विश्वविद्यालय के युवा चेतना मञ्च की ओर से एक पखवाड़ा का आयोजन कर पर्यावरण मञ्च के साथ सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम को समाज से जोड़ने हेतु सभी श्रमसेवियों को सम्बोधित भी किया गया।। इस कार्यक्रम में उक्त दोनों मञ्चों के संयोजक क्रमशः साहित्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ सुधीर कुमार एवं दर्शन विभाग के सहायक आचार्य डॉ धीरज कुमार पाण्डेय, पर्यावरण मञ्च के अध्यक्ष सह भूसम्पदा पदाधिकारी डॉ उमेश झा, पर्यावरण मञ्च के सचिव विश्व मोहन झा, डॉ साधना शर्मा, एनएसएस समन्वयक डॉ सुधीर कुमार झा,राधेश्याम मिश्र, मुरारी मिश्र, नीतीश कुमार ठाकुर, पद्मनाभ कुमार झा एवं शिक्षा शास्त्र के छात्र छात्राओं ने श्रम दान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी लोगों कि समस्याएं




प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने शुक्रवार 17 जनवरी को समाहरणालय परिसर में स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। मौके पर जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूर क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं को बताकर न्याय की गुहार लगाई।जिलाधिकारी महोदया ने मौके पर पीड़ितों की समस्याओं को बारी-बारी से सुनी और हर संभव न्याय का भरोसा दिलाया। तथा कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया तथा कुछ मामलों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर अबिलम्ब विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। विदित हो कि जिलाधिकारी महोदया प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुनते हैं। जिलाधिकारी महोदया ने जनता दरबार में जन शिकायत से संबंधित सुनवाई के क्रम में भूमि बंटबारे, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, रैयति भूमि का निबंधन, अनुग्रह भुगतान, खतियान, दखल-कब्जा, जमीन की नापी, इंदिरा आवास योजना , विकलांग पेंशन, विवादित भूमि पर जबरन कार्य, चयन प्रक्रिया, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, श्रम संसाधन से लाभ, स्वच्छता, अनुकम्पा नियुक्ति, राशि-गबन, रास्ता अवरुद्ध, मारपीट, बासगीत पर्चा, पक्की नली गली, आंगनवाड़ी, गैर मजरूआ, बिजली एवं अन्य से सम्बंधित मामले आए। जिलाधिकारी महोदया ने तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और प्राप्त शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित व प्रभावी कारवाई के लिए दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदया ने इस अवसर पर कहा कि जनता को कठिनाइयों से उबारना ही उनका मुख्य मकसद है। सरकार की राज्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्गों को मिले इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जनता इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सरकार की सोच को साकार करने में सहयोग दें। जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गति देने में शिथिलता और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निष्ठा के साथ काम करने का निर्देश दिया। मौके पर कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## पात्र दिव्यांगजनों के बनाए जाएंगे विशिष्ट पहचान पत्र- जिला पदाधिकारी




जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर सदर अस्पताल जमुई में दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ 20 जनवरी से 23 जनवरी 2025, को विशेष दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिव्यांग जनों का मौके पर ही मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों के द्वारा दिव्यांगता का मूल्यांकन करते हुए ऑनलाइन माध्यम से यूडीआईडी प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे ।इसको लेकर जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण कोषांग जमुई के माध्यम से विस्तृत दिशा निर्देश जारी किया गया है। पात्र दिव्यांग जनों को यूडीआईडी कार्ड मिलने पर सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं तक उनकी पहुंच आसान हो जाएगी। जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे। यूडीआईडी कार्ड दिव्यांग जनों के लिए पूरे भारत में विशिष्ट दस्तावेज के रूप में स्थापित मानक पहचान पत्र है, जिसका उपयोग दिव्यांग जनों द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ, रेलवे रियायत एवं अन्य जगहों पर सुलभता पूर्वक किया जा सकेगा।

# अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में राजस्व मामलों की हुई समीक्षात्मक बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निदेशानुसार समाहरणालय परिसर स्थित अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल की अध्यक्षता में अपने कार्यालय कक्ष में अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी, उपसमाहर्ता भूमि सुधार मो० तारिक रजा तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जमुई जिले अंतर्गत सभी अंचलाधिकारी के साथ राजस्व मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दाखिल-खारिज, लगान वसूली, परिमार्जन और भू-मापी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में अपर समाहर्ता महोदय ने दाखिल-खारिज और भू-मापी प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित मामलों के शीघ्र समाधान पर जोर दिया। साथ ही, लगान वसूली के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। यह समीक्षात्मक बैठक जिले में राजस्व कार्यों को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उन्होंने अधिकारियों को तय समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए और भविष्य में ऐसी बैठकों के माध्यम से प्रगति का नियमित आकलन करने की बात कही।

# दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की मांग की गई




प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत कई वर्षों से हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक के उपलब्ध नही रहने के कारण सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।जिससे गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।गिद्धौर प्रखंड के बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोगों ने दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की पोस्टिंग करने की मांग की है। किसान नेता श्रवण यादव, रंजीत यादव,दिलीप रविदास,गोपाल सिंह,विजय राम आरटीआई कार्यकर्ता विमल मिश्रा,पप्पू चौरसिया,लक्ष्मण यादव,नंदन यादव,सुशातं साई सुंदरम समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई वर्षों से दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नही है।जिसके कारण सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले मरीजों को दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर से सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया जाता है।कई मौके पर दुर्घटना में घायल मरीजों का शरीर से काफी मात्रा में खून निकल जाने के कारण जमुई पहुँचते-पहुँचते उसकी मौत हो जाती है।लोगों ने यह भी कहा कि जब से अस्पताल खुला है तब से आज तक एक भी हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक इस अस्पताल में नही आया है।लोगों का यह भी कहना है कि सदर अस्पताल जमुई में 2-3 की संख्या में हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध है।अगर ऐसे में इनमें से एक चिकित्सक की भी पोस्टिंग गिद्धौर अस्पताल में हो जाती है तो अनेको दुर्घटना में घायल व्यक्ति को बचाया जा सकता है।लोगों ने जिला प्रशासन से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

# राष्ट्रीय असंगठित मजदूर यूनियन की ओर से आज होगी बैठक, वनभोज




प्रात: किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शनिवार को राष्ट्रीय असंगठित मजदूर यूनियन की ओर से यक्षराज स्थान समीप वनक्षेत्र में वनभोज सह बैठक आयोजित की जाएगी। इसको लेकर यूनियन के अध्यक्ष राजू यादव ने स्टेशन चौक के पास लोगों के बीच बैठक कर कई बिंदुओ पर चर्चा किया। अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक वर्ष यूनियन की ओर से बैठक आयोजित की जाती है जिसमे अलग अलग राजनीति, सामाजिक संगठन के अलावे अन्य कई बुद्धिजीवी लोग शामिल होते है। बैठक में मजदूरों की समस्या, दैनिक कार्य करने के दौरान उनके साथ क्या समस्या होती है, मजदूरों को सही मजदूरी मिलने, प्रखंड क्षेत्र में विकास से जुड़ी कई बिंदुओ पर लोगों के बीच चर्चा की जाएगी।

# गिद्धौर बाजार के चौक चौराहों पर प्रशासन की ओर से अबतक नहीं हुई है अलाव जलाने की व्यवस्था

## ठंड से आम जन जीवन हुआ अस्त व्यस्त, लोगों का घरों से बाहर निकलना हुआ दूभर

- क्षेत्र के लोग प्रसासन से अलाव जलाने की है मांग



प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। विगत कई दिनों से भीषण शीतलहर के कारण क्षेत्र में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इस हाड़ कंपा देने वाले ठंड में लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो गया है। लेकिन आम जनों को शीतलहर से बचाने उनके जान माल की रक्षा हेतु अब तक स्थानीय प्रशासन द्वारा क्षेत्र के बाजारों व चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गयी है। जिसके कारण आमजनों में स्थानीय प्रसासन के खिलाफ लोगों के मन में असंतोष साफ देखा जा रहा है। वहीं राहगीरों सहित टेंपो चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों की मानें तो पहले अधिक ठंड पड़ने पर मुख्य बाजार के चौक चौराहों पर चिन्हित स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाती रही है, लेकिन इस बार के इस भीषण ठंड में स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक अलाव जलाने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं की गयी है। ग्रामीण अपने स्तर पर लकड़ी की व्यवस्था कर गांव के चौराहे पर अलाव जलाते देखे जा रहे हैं।लोगों ने प्रशासन से प्रत्येक गांव के चौक चौराहों पर ठंड को देखते हुए अलाव जलवाने से जुड़े व्यवस्था की मांग की है। कहते हैं अंचल अधिकारी इस संदर्भ में अंचल अधिकारी आरती भूषण से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जल्द ही चिन्हित स्थलों पर आज से ही अलाव की व्यवस्था करा दी जाएगी।

# पहाड़ी क्षेत्र में असहाय लोगों के बीच कपड़े का वितरण

प्रात: किरण संवाददाता




बरियारपुर (मुंगेर)। प्रखंड के रतनपुर पंचायत अंतर्गत वनवासी गांव उभ्भी वनवर्षा के समीप रेलवे किनारे रहने वाले जरूरतमंदों के बीच आजाद हिंद सामाजिक संगठन के द्वारा एकत्रित किए गए वस्त्रों का वितरण किया गया। इसका नेतृत्व संगठन के संस्थापक मोहित चौधरी ने किया। श्री चौधरी ने बताया कि यह वस्त्र बेसहारा, फुटपाथ पर गुजर बसर करने वाले, जंगलों में लकड़ी चुने वाले, पशु चराने वाले, खेत खलियान, ईट भट्ठे में काम करने वाले जरूरतमंद गरीबों के लिए संस्था के लोगों द्वारा एकत्रित किया जाता है। यह वस्त्र ठिठुरन भरी ठंड और सर्द हवाओं से बचाव के लिए लोगों को दिया जाता है। उन्होंने दानवीरों का धन्यवाद करते हुए कहा आपके स्वच्छ विचारों के वजह से ही हम जरूरतमंदों तक आपका सहयोग पहुंचा पाते हैं। समाजसेवी दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि आज के इस जमाने में भी ऐसे युवाओं का संगठन है जो की लगातार जरूरतमंदों के बीच सजग होकर काम करते आ रहा है जो वाकई काबिले तारीफ है। यह संस्था लोगों में पढ़ाई के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करता है और इसके माध्यम से बच्चों में देशभक्ति का संचार करते हुए सच्चे व नेक इंसान बनने के लिए प्रेरित करता है। संगठन के वरिष्ठ सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता रामदिलीप पासवान एवं रेडियोलॉजी कर रहे संगठन के सदस्य पीयूष चौधरी ने बताया कि लगभग 250 बच्चे, महिलाएं पुरुष के बीच जींस, शर्ट, महिलाओं के स्वेटर, साड़ी, शॉल, पजामा आदि वस्त्रों का वितरण कर सहयोग किया गया। विशाल कुमार ने बताया कि यह संगठन पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्रों का वितरण करते आ रही है और आगे भी जारी रखा जायेगा। यह संगठन पिछले कई वर्षों से जरूरतमंद वैसे बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का भी वितरण करती जो बच्चे अभाव के कारण पढ़ाई में पीछे रह जाते हैं। उन बच्चों को पाठ्य सामग्री देकर उनका सहयोग करते आ रही है। इसके साथ ही पहाड़ी इलाका में संगठन के सदस्यों के द्वारा पशु चराने वाले बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर उन्हें पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराया जाता है। संगठन के द्वारा दीपावली में जरूरतमंदों के बीच दीपक, मिठाई एवं अन्य सामग्रियों का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक सदस्य अंजनी कुमार चौधरी, अभय किशन, यशवंत कुमार, गौरव, स्थानीय ग्रामीण शंभू हांसदा, चन्द्रशेखर मरांडी, जोगिंदर मंडन, भोगन तुरी, शिवम नीतीश, राहुल, रोहित प्रताप सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# 16 वीं वाहिनी एसएसबी के द्वारा पशु हैल्थ शिविर का आयोजन

प्रात: किरण, संवाददाता




जमुई / सोनो : जमुई जिला अंतर्गत नक्सल प्रभावित चरका पत्थर थाना क्षेत्र के लाली लेवाड़ पंचायत मे 16 विं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल चरका पत्थर के द्वारा पशु हैल्थ शिविर का आयोजन किया गया । चरका पत्थर गाँव स्थित एस एस बी के द्वारा लाली लेवाड़ पंचायत के चरका पत्थर गाँव में आयोजित पशु हैल्थ शिविर में आसपास के विभिन्न कई गाँवों से बड़ी संख्या में आये लोगों ने तकरीबन चार दर्जन से अधिक अपने बिमार गाय , मवैशी , भेड़ ओर बकरी आदि पशुओं को लेकर आये , ओर निःशुल्क इलाज कराकर मुफ्त में दवाईयां प्राप्त की । एस एस बी के कार्यवाहक कमांडर श्री बांके बिहारी के निर्देश पर आयोजित इस शिविर में दर्जनों पशुओं का इलाज कर निःशुल्क औषधियाँ वितरण की गई । मौके पर उपस्थित कंपनी कमांडर श्री अभिनव तौमर ने कहा कि एस एस बी द्वारा नक्सल प्रभावित चरका पत्थर थाना क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के अभियान चलाकर ना सिर्फ गरीबों को जागरूक किया जा रहा है बल्कि विभिन्न प्रकार के सामग्रियों का वितरण कर उन्हें थोड़ा मदद करने का प्रयास भी किया जा रहा है । साथ ही भटक चुके लोगों को मुख्य धारा में वापस लाने का भी प्रयास किया जा रहा है । ताकि भटक चुके लोग मुख्य धारा में जुटकर आमजनों की तरह जिंदगी बिता सके । इस अवसर पर कंपनी कमांडर अभिनव तोमर के अलावा पशु चिकित्सक डाक्टर श्याम सिंह , भ्रमणशील पशु चिकित्सक पेरा मटिहाना , डाटा इंट्री मिथलेश कुमार मैत्री, सहित एस एस बी के अन्य कर्मचारी ओर जवान मौजूद थे । श्री तौमर ने आगे बताया कि सेवा सुरक्षा बंधुत्व के तहत चरका पत्थर गाँव में स्थित हमारे जवानों की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले गरीब तबके के लोगों के बीच समय समय पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर शिविर के माध्यम से सामग्रियों का वितरण , चिकित्सकिय जांच एवं बच्चों के बीच खेल कुद आयोजित कर पुरस्कार वितरण आदि कराते रहते हैं ।

# चरणजीत मेमोरियल फुटबॉल फाइनल मैच पर जमालपुर ने 3 गोल किया




प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। गुरुवार को स्वर्गीय चरणजीत मेमोरियल के तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच आशीर्वाद एकेडमी शीतलपुर वनाम यूनाइटेड क्लब रामपुर जमालपुर के बीच खेला गया। वही खेल शुरूआत से पहले खेल के मुख्य अतिथि डीएसपी भूदेव पासवान पटना खिलाड़ियों से परिचय किया तथा किक मारकर खेल की शुरूआत की। वही खेल शुरूआत होते ही यूनाइटेड क्लब ने अपना प्रदर्शन शुरू किया हाफ टाइम से पहले चार गोल मारकर खेल में बढ़त बनाए रखें जबकि आशीर्वाद क्लब ने मात्र एक गोली कर सकी वही हाफ टाइम के बाद यूनाइटेड ने फिर से एक गोल जबकि आशीर्वाद क्लब मंत्र दो गोली कर सका इस प्रकार से फाइनल मैच पर यूनाइटेड क्लब रामपुर जमालपुर ने अपना कब्जा जमा लिया। वही हाफ टाइम से पहले निर्णायक ने आशीर्वाद एकेडमी शीतलपुर के टीम जर्सी नंबर 7 को लाल कार्ड दिखाकर ग्राउंड से बाहर कर दिया वही यूनाइटेड क्लब जमालपुर के खिलाड़ी जर्सी नंबर 4 को भी लाल कार्ड दिखाकर खेल मैदान से बाहर किया गया। वही यह आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्पोर्टिंग क्लब बोचाही के सौजन्य से स्वर्गीय चरणजीत यादगार में टूनार्मेंट का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। मौके पर निर्णायक रजि अहमद, संतोष कुमार,अजय कुमार सिंह,राहुल कुमार थे जबकि उद्घोषक का कार्य महमूद आलम के द्वारा किया जा रहा था। वहीं मुख्य अतिथि ने कहे कि यह हमारे समाज के युवाओं की अच्छी पहल है जो बीते याद को भी ताजा कर रहे हैं ऐसी पहल में हर हमेशा हम लोग सहयोग करेंगे और अपने समाज के लिए हर हमेशा साथ देने का काम करेंगे। मौके पे संयोजक सुरेंद्र पासवान नारद पासवान अशोक पासवान सागर सोनू, धर्मेंद्र कुमार, सागर कुमार शैलेंद्र, महादेव पासवान अंबिका पासवान, सहित वोचाही के बुद्धिजीवी तथा युवा खिलाड़ियों ने चार बार का हिस्सा लिया ।

# शिक्षा-दीक्षा : हरदिन छात्रों के लिए 1 घंटे रीडिंग क्लास वर्ग शिक्षक की जिम्मेदारी, अधिकारी करेंगे जांच



- 1835 स्कूलों में छात्रों के रीडिंग स्किल किए जाएंगे विकसित

प्रात: किरण, संवाददाता

गिद्धौर। जमुई जिले में 1835 स्कूलों में वर्ग 1 से 8 तक के छात्रों की रीडिंग स्किल और मैथमेटिकल स्किल को विकसित किया जाएगा। बता दें कि अकादमिक सत्र 2024- 25 की शेष अवधि में कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों में रीडिंग स्किल और मैथमेटिकल स्किल को विकसित किए जाने के उद्देश्य से सभी विद्यालय में प्रतिदिन छात्रों के लिए एक घंटा रीडिंग क्लास चलाई जाएगी। इसके अलावा सभी विद्यालय में प्रतिदिन कक्षा एक से आठ तक के छात्र के लिए बेसिक मैथ्स और मैथ्स के प्रश्नों को त्वरित गति से हल करना सिखाया जाएगा। इस बारे में जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में सभी विद्यालयों में वर्ग 1 से 8 तक के छात्रों के लिए रीडिंग क्लास अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएगी।

जिससे प्रत्येक छात्र पाठ्य पुस्तक पढ़ना सीख सकेंगे। इस बारे में सभी प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। क्लास के लिए वर्ग शिक्षक जिम्मेदार होंगे। जो क्रमानुसार कक्षा के प्रत्येक बच्चा से पाठ पढ़ाएंगे।

इसके अलावा गणित की बेसिक प्रश्न हल करवाएंगे। छात्रों के रीडिंग स्किल और मैथमेटिकल स्किल की प्रगति का साप्ताहिक मूल्यांकन प्रत्येक सोमवार को संबंधित शिक्षक द्वारा किया जाएगा।वर्ग शिक्षक छात्रों को रविवार के लिए होमवर्क देंगे ताकि वह सोमवार के टेस्ट के लिए तैयारी कर सकेंगे।

प्रत्येक सोमवार को टेस्ट होगा सभी विद्यालयों में प्रत्येक सोमवार को प्रथम घंटा रीडिंग टेस्ट और दूसरे घंटे में मैथमेटिकल टेस्ट होगा। इस बारे में निर्देश दिया गया है कि वर्तमान अकादमिक सत्र के से सौ दिनों की अवधि में अभियान के तौर पर सभी विद्यालय में तत्काल प्रभाव से इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। प्रतिदिन विद्यालयों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विद्यालयों में इसका पालन किया जा रहा है।बता दें कि सर्वेक्षण के दौरान यह पाया गया है कि वर्ग 3,5 और 8 के छात्र धारा प्रवाह पढ़ने,जोड़,घटा,गुणा एवं भाग के प्रश्न सही तरीके से हल करने में पूरी तरह से समक्ष नहीं है। वर्ग शिक्षक को जिम्मेदारी वर्ग 1 से 8 के छात्रों में रीडिंग स्किल और मैथमेटिकल स्किल को विकसित करने के लिए विशेष कक्षाएं संचालित होगी। इस बारे में स्कूल के प्रधानाध्यापक और शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। वर्ग शिक्षक छात्रों के लिए प्रतिदिन रीडिंग क्लास आयोजित करेंगे।

# बिहार में पशु गणना की रफ्तार काफी धीमी दिसंबर तक 12 से 15 प्रतिशत ही हो सका है गाणना

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर सहित बिहार के समूचे जिलों में पशु गणना की रफ्तार काफी धीमी हो गई है सरकारी आंकड़े के मुताबिक मुंगेर में पुरानी गाणना के अनुसार 31 लाख 6 हजार 82 पशु थे

नई गाणना में 46741 पशु की गणना हो पाई है वहीं नवादा में पुरानी गाणना के अनुसार 435000 289 नई गाना के अनुसार 120000 130 हुआ है जहानाबाद 22794 पुरानी नई गाना 54162 भागलपुर पुरानी गाना के आधार पर 668381 नई गाना में 160000 93 सारण 4 लाख 34980 नई गाना के अनुसार 9844 पूर्णिया 51 99 नई गाना 17 315 कैमूर पुरानी गाना 255972 नई गाना 48548 कटिहार 7 लाख 29660 नई गाना 1 लाख 22997 औरंगाबाद पुरानी गाना चार लाख 92 655 नई गाना 798 33 बांका चार लाख 18661 नई गाना 668 समस्तीपुर 7 लाख 40000 871 नई गाना 115000 498 सुपौल पुरानी गाना 500000 21329 नई गाना 79363 बक्सर पुरानी गाना 3 लाख 10000 424 नई गाना 44454 रोहतास पुरानी गाना 5 लाख 6380 नई गाना 69985 लखीसराय पुरानी गाना 1967 नई गाना 27035 भोजपुर 528596 नई गणना 68 618 मधुबनी गाना 83731 नई गाना 13856 शेखपुरा पुरानी गणना 150000 468 नई गणना 18718 पूर्वी चंपारण पुरानी गणना 11642 36 नई गाना 1 लाख 42000754 गोपालगंज 47300066 नई गाना 573001 अररिया पुरानी गाना 684 012 नई गणना 81000 202 किशनगंज 389948 नई गाना 45390 अरवल पुरानी गाना 133264 नई गाना 15300 मधेपुरा पुरानी गणनम 463544 नई गाना 52006 दरभंगा पुरानी गाना 975140 नई गाना 10 लाख 4524 मुजफ्फरपुर पुरानी गाना 1156148 नई गणना 12342 क्रिया पुरानी गणना 3 लाख 72000 957 नई गाना 3658 बेगूसराय पुरानी गाना 7 लाख 1491 नई गाना 67568 जमुई 368000 80 नई गणना 32615 गया 13 लाख 7624 नई गाना 115330 सीतामढ़ी 878208 नई गणना 7393 पटना पुरानी गणना 11954 89 नई गणना 96141 नालंदा 5853 नई गाना 46701 पश्चिम चंपारण 851627 नई गाना 58537 सिवान पुरानी गणना 6 लाख 26450 नई गाना 45856 सहरसा 10 लाख 9203 नई गाना 59538 वैशाली 7 लाख 56784 नई गाना 44471 शिवहर 186759 नई गणना 93 53 है पिछले पशु गणना में बिहार में कुल 2 करोड़ 31 लाख 75000 358 पशु पाए गए थे अभी इस आंकड़े को लक्ष्य मानकर अगर प्रतिशत निकल जाए तो दिसंबर तक में पशु की 12 से 15% ही पशु गणना हो पाई है ऐसे में लगता है कि पशु गणना 28 फरवरी को अभियान समाप्त होना है ऐसे में निर्धारित समय के अंदर पशु गणना का काम पूरा होने पर संशय है

# भूकम्प से सुरक्षा हेतु मॉडल और टेबुल टॉक का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता


मुंगेर। जिला आपदा प्रबंधन शाखा, मुंगेर के तत्वावधान में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिहं के निर्देश पर भूकम्प सुरक्षा सप्ताह के तहत शुक्रवार को संग्रहालय सभागार में भूकम्प से सुरक्षा हेतु मॉकड्रिल एवं टेबल टॉक का आयोजन अपर समाहर्ता मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर भूकम्प के दौरान सुरक्षा हेतु मॉकड्रिल के माध्यम से बचाव की विस्तृत जानकारी दी गयी। संचालन एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर रंजीत कुमार कर रहे थे। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी संजीव कुमार, प्रभारी पदाधिकारी आपदा कुमार अभिषेक, सभी अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।अपर समाहर्ता ने कहा कि भूकम्प एक प्राकृतिक आपदा है, जिसके आने पर कई लोग सुरक्षा एवं जानकारी के अभाव में अकारण काल के गाल में समा जाते हैं। आज एनडीआरएफ की टीम द्वारा भूकम्प से सुरक्षा से संबंधी जो जानकारी दी जा रही है, यदि उसका अक्षरशः पालन किया जाए तो इस प्राकृतिक आपदा के घड़ी में लोग स्वयं से अपने जानमाल की हिफाजत करने में सफल हो सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि इनके द्वारा जो भी जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है, उसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर आम जन को भी इससे अवगत कराया जाए, ताकि वो स्वयं की थोड़ी भी हिफाजत कर सके।

# महाकुंभ में स्वच्छता के उच्च तकनीकी समाधान

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ क्षेत्र में सूर्योदय होने के साथ ही महा-आयोजन की व्यापकता और विशालता दिखने लगती है। वहां उपस्थित विशाल मानव समूह की केवल कल्पना कीजिए जहां प्रत्येक व्यक्ति आस्था और भक्ति के सागर में हिलोरें ले रहा है। लेकिन विश्व की इस विस्मयकारी महाघटना में पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाले मूक नायक के तौर पर उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकियां काम कर रही हैं। एक भव्य संगीत सिम्फनी के अनाम परिचालकों की तरह ये नवाचार सुनिश्चित करते हैं कि सफाई और स्वच्छता, संगीत के हर सुर-लहरी की तरह पूरी तरह लयबद्ध हो। महाकुंभ में उच्च तकनीक वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर प्राकृतिक शुद्धिकरण तालाबों तक, प्रत्येक उपाय पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरा और प्रौद्योगिकी का यह सामंजस्यपूर्ण मिश्रण न केवल महाकुंभ के आध्यात्मिक सार को संरक्षित करता है, बल्कि दुनिया भर में भविष्य के बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले समारोहों के लिए एक मानक भी स्थापित करता है।एक हलचल भरे शहर की कल्पना करें जो रातोंरात अस्तित्व में आ गया हो, जहां करोड़ों लोग एक भव्य आयोजन के लिए जुटे हों। 45 दिनों के इस विशाल धार्मिक आयोजन में जिसमें अनुमानित तौर पर 40 करोड़ आगंतुक पहुंचे हों, वहां हर दिन उत्पन्न कचरे का प्रबंधन हैरत में डालने वाला है। हालांकि इससे अधिकारी विचलित नहीं हुए और उन्होंने इस कठिन कार्य के लिए भारत के दो प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) की मदद ली है। महाकुंभ में उत्पन्न अपशिष्ट दिमाग को चकरा देने वाला है। वहां हर दिन लगभग 16 मिलियन लीटर मल विष्ठा, 240 मिलियन लीटर ग्रे-वाटर (शौचालय को छोड़कर अपशिष्ट जल) और करोड़ों तीर्थयात्रियों द्वारा बड़े पैमाने पर उत्पन्न ठोस अपशिष्ट शामिल हैं। इसके निपटान प्रबंधन के लिए परिष्कृत समाधानों की आवश्यकता पड़ी और तभी उन्नत प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल काम आया। इनमें से एक हाइब्रिड ग्रेनुलर सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर (एचजीएसबीआर) है, जिसे इसरो और बार्क के सहयोग से विकसित किया गया है। ये उच्च तकनीक की वॉशिंग मशीन जैसा है जो कपड़े साफ करने की बजाय सीवेज का निपटान करता है। इस तकनीक का उपयोग तीन प्रीफैब्रिकेटेड मल विष्ठा ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) में किया जा रहा है, जो मानव अपशिष्ट को कुशलतापूर्वक संसाधित कर सुनिश्चित करता है कि वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित रहे। वहां एक अन्य तकनीक जीओ ट्यूब टेक्नोलॉजी अपनाई जा रही है जो कचरे के नियंत्रण और उपचार में सहायक है। यह सुनिश्चित करती है कि पर्यावरण में केवल स्वच्छ पानी ही छोड़ा जाए। यह एक विशाल चाय बैग की तरह है जो बड़ी मात्रा में तरल अपशिष्ट सोखकर उसे साफ करता है। महाकुंभ में स्वच्छता के लिए इस्तेमाल की जा रही एक अन्य तकनीक बायोरिमेडिएशन है। यह बड़े तालाबों के लाभकारी सूक्ष्मजीवों जैसा है जो प्रदूषकों को विखंडित कर पानी को शुद्ध करता है। इस प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल विधि को लगभग 75 बड़े तालाबों में एकत्र किए गए ग्रेवाटर में इस्तेमाल की जाएगी ताकि जल को प्रभावी और सुरक्षित रूप से उपचारित किया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार ने 7,000 करोड़ रुपये के कुल महाकुंभ बजट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दशार्यी है। वहां अपशिष्ट और जल प्रबंधन के लिए 1,600 करोड़ रुपए और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बुनियादी ढांचे के लिए 316 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह वित्तीय और ढांचागत प्रतिबद्धता आयोजन के दौरान स्वच्छता और साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है। स्वच्छता उपायों में इन प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उद्देश्य महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं को कम करना है। वे नदी के जल प्रदूषण को रोकते हैं, अपशिष्ट और सीवेज से संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करते हैं, और बड़े पैमाने पर लोगों के एकत्रित होने के पारिस्थितिकी नुकसान में कमी लाते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन परिचालन रणनीति में मैनुअल हैंडलिंग को कम से कम करना, उन्नत तकनीकों का उपयोग कर स्रोत-स्तरीय अपशिष्ट पृथक्करण पर जोर देना और व्यापक निपटान तंत्र को लागू करना शामिल है। इसके अतिरिक्त वहां अन्य आरंभिक उपायों में 1 लाख 45 हजार पोर्टेबल शौचालयों की स्थापना, निरंतर सफाई के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती, पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और एक व्यापक अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन बुनियादी ढांचे शामिल हैं।

# मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश

**माफी के बाद जुकरबर्ग जैसे मालिकों को भी यह सुनिश्चित होगा कि उनके अधीन चलने वाले सोशल मीडिया मंचों पर भारत के प्रति किसी झूठ, भ्रम एवं असत्य बयानी का सिक्का न चले। क्योंकि भारत की उदारता को उसकी कमजोरी मानने की मानसिकता घातक हो सकती है। भारत को लेकर कोई गलत सूचना संचारित-प्रसारित न हो, तथ्यों की प्रामाणिकता एवं सच्चाई को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मनगढ़ंत या झूठी सूचनाओं का प्रचार-संचार अब भारत के लिये सहनीय नहीं है। फेसबुक या अन्य सोशल मंचों पर बहुत सारी झूठी, भ्रामक, विध्वंसक या फर्जी सूचनाएं समय-समय पर घूमती रहती हैं, जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सौहार्द, इंसानी सद्भावना आहत होती रही है।**





**ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वहीं अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली ईमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है।

यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे हैं। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों? अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है। मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच समझकर लेना चाहिए। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुमार्ना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है। भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुमार्ना लगाया था। मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे ह्लगलत जानकारीह्व करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, ह्लमार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं।ह्व भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुमार्ना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। लेकिन इसके लिये समाज को नुकसान पहुंचाना कैसे जायज हो सकता है? इस तरह की गैर जिम्मेदारी एवं लापरवाही खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे।

# क्या आप लगा पाएगी दिल्ली में चुनावी चौका

आगामी पांच फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। चुनाव जीतने के लिए सभी राजनीतिक दल जोड़-तोड़ करने में जुट गए हैं। चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) व कांग्रेस पार्टी के बीच होना तय माना जा रहा है। पिछले दो विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के बीच हुआ था। कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। मगर इस बार कांग्रेस पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी पार्टी से गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। वहीं विधानसभा चुनाव कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी। कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने व पिछले लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुकाबला त्रिकोणात्मक होने की संभावना बनने लगी है। दिल्ली में तीन बार सरकार बनाकर आप ने मजबूत पकड़ बनायी हैं। वहीं लोकसभा चुनाव में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद भाजपा आप के सामने टिक नहीं पा रही है। आप के अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन से 28 दिसंबर 2013 को पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। मगर कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के चलते 49 दिन में ही सरकार गिर गई थी। फरवरी 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीतकर एक नया इतिहास रच दिया था। आप को 54.34 प्रतिशत वोट मिले थे। अरविंद केजरीवाल ने 14 फरवरी 2015 को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उस चुनाव में भाजपा को मात्र तीन सीट तथा 32.19 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली तथा वोट भी घटकर 9.65 प्रतिशत रह गये थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटे जीतकर 53.57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। 16 फरवरी 2020 को अरविंद केजरीवाल तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। 2020 के चुनाव में भाजपा की सीट तीन से बढ़कर आठ तक पहुंच गई थी तथा वोटो का प्रतिशत भी बढ़कर 38.51 प्रतिशत हो गया था। कांग्रेस को इस बार भी कुछ नही मिला था। कांग्रेस को 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले थे। कांग्रेस के अधिकांश प्रत्याशियों की जमानत जप्त हो गई थी। 2 अक्टूबर 2012 को गांधी जयंती के दिन आम आदमी पार्टी का गठन किया गया था। पार्टी के गठन के ठीक एक साल एक महीने और दो दिन बाद 4 दिसंबर 2013 को दिल्ली विधानसभा चुनाव के वोट डाले गए थे। 8 दिसंबर 2013 को चुनाव के नतीजे आए तो आप को 28 सीटें तथा 29.49 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को उनकी नई दिल्ली सीट पर करीब 26000 वोटो से हराया था। उस चुनाव में भाजपा को 31 सीट व 33.07 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं कांग्रेस को 8 सीट व 24.55 प्रतिशत वोट मिले थे। उस वक्त कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता से दूर रखने के चक्कर में आप को समर्थन देकर अरविंद केजरीवाल को पहली बार मुख्यमंत्री बनवाया था। कांग्रेस की यही भूल अब तक कांग्रेस को लगातार जीरो पर आउट कर रही है। उस वक्त यदि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को समर्थन नहीं दिया होता तो आगे विधानसभा चुनाव के नतीजे अलग हो सकते थे। मगर अपनी भूल का कांग्रेस आज तक खामियाजा उठा रही है। 1998 से 2008 तक लगातार तीन विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली कांग्रेस 2013 में मात्र 8 सीटों पर सिमट गई थी।

# दिल्ली में किसकी बनेगी सरकार - कौन लगायेगा चौका

**वहीं, आम आदमी पार्टी की मौजूदा योजनाओं की प्रभावशीलता और उनका क्रियान्वयन कितना कारगर होता है। अब देखना होगा कि चुनावी माहौल में महिलाओं के लिए योजनाएं केवल वादे तो नहीं हैं। कौन-सी पार्टी महिलाओं की उम्मीदों पर खरा उतरती है और दिल्ली की सत्ता पर काबिज होती है। देश की नजर अब दिल्ली की मतदाताओं पर होगी। दिल्ली में सरकार बनाने के लिए आम आदमी पार्टी को चौका लगता है या भाजपा को मौका मिलता है या फिर कांग्रेस की वापसी होती है। यह सब पता चलेगा 5 फरवरी को मतदान होने और 8 फरवरी को नतीजे घोषित होने पर।**






**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**
**लेखक**

दिल्ली विधान सभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच कांटे की टक्कर होने की पूरी उम्मीद है। जबकि कांग्रेस भी अपनी स्थिति मजबूत करने में लगी हुई है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस यदि अपनी स्थिति मजबूत कर बहुमत से पीछे रही तो आम आदमी पार्टी के लिए बहुत ही मुश्किल स्थिति होगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए चुनाव परिणाम काफी फायदेमंद साबित होगी। दिल्ली विधान सभा के 70 सीटों के लिए चुनाव का विगुल बज चुका है और चुनाव प्रक्रिया के लिए अधिसूचना 10 जनवरी को निकल चुका है। नामांकन 17 जनवरी तक करना है। नामांक पर्चा वापसी की तिथि 20 जनवरी है, मतदान 5 फरवरी को एक ही चरण में सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में होगी और 8 फरवरी को मतगणना, का एलान निर्वाचन आयोग कर चुका है। विपक्ष द्वारा चुनाव हारने पर हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ दिया जाता है और विपक्ष कहते हैं कि ईवीएम से चुनाव में पारदर्शिता नहीं है? इस प्रश्न का उत्तर मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि परिणाम में ही प्रमाण है। 2020 से अब तक 30 राज्यों के विधानसभा चुनाव का डेटा रखते हुए बताया कि यहां 15 राज्यों में अलग- अलग सरकारें बनीं हैं। उन्होंने विपक्ष के सवालों पर यहां तक कह दिया कि पारदर्शी चुनाव व्यवस्था पर शक का इलाज तो हकीम लुकमान के पास भी नहीं है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने विपक्ष के इस प्रश्न का भी जवाब दिया कि शाम 5 बजे के बाद कैसे वोट बढ़ जाते हैं? उन्होंने कहा कि वोटर टर्नआउट में पोस्टल बैलेट के आंकड़े नहीं होते हैं। कई स्थानों पर पोलिंग पार्टियां देर रात तक पहुंचती हैं। सुबह तक आंकड़े अपडेट होते हैं। ऐप में सिर्फ ईवीएम के वोट प्रतिशत ही दिखते हैं। दिल्ली विधान सभा चुनाव में वोट प्रतिशत पर अगर ध्यान दिया जाए तो 2013 में कांग्रेस पार्टी को 24.55%, आम आदमी पार्टी को 29.49% और भारतीय जनता पार्टी को 33.07% वोट मिले थे। वहीं, 2015 में कांग्रेस पार्टी को 9.65%, आम आदमी पार्टी को 54.34% और भारतीय जनता पार्टी को 32.19% वोट मिले थे। 2020 में कांग्रेस पार्टी को सिर्फ 4.26%, आम आदमी पार्टी को 53.57 प्रतिशत और भारतीय जनता पार्टी को 38.51% वोट मिले थे। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करने के साथ ही दिल्ली में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। इस चुनाव में चुनाव की परीक्षा पार्टियों और दिल्ली के मतदाताओं की होगी। देखना है कि दिल्ली की मतदाता अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किस पार्टी को चुनती है। दिल्ली विधानसभा चुनाव अहम होती है क्योंकि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकार की संवैधानिक शक्तियां भले ही सीमित है, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केन्द्र में होने के कारण नेताओं की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान शीघ्र बन जाती है। दिल्ली विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी मुख्य दावेदार हैं। इस चुनाव में तीनों पार्टियां ह्लकरो या मरोह्व की स्थिति में है। भारतीय जनता पार्टी 1993 में दिल्ली विधान सभा चुनाव जीती थी, उसके बाद से उसे जीत का इंतजार है। वहीं, 1998, 2003 और 2008 में कांग्रेस दिल्ली विधान सभा चुनाव जीतकर सरकार बनाई थी, जबकि 2013, 2015 और 2020 में आम आदमी पार्टी ने चुनाव जीतकर सरकार बनाई। दिल्ली विधान सभा सीटों के लिहाज से कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं, जबकि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ी थी और कांग्रेस की वोट प्रतिशत बढ़ी थी, अब देखना होगा कि कांग्रेस विधान सभा चुनाव में वोट प्रतिशत को बनाये रख पाती है या नहीं। वहीं आम आदमी पार्टी के लिए चौथी बार जीत दर्ज करना बेहद ही आम आदमी पार्टी के लिए अहम चुनाव है। भारतीय जनता पार्टी के लिए भी वोट प्रतिशत के आधार पर यह चुनाव अहम है। दिल्ली विधान सभा में कांग्रेस मजबूती से अपनी पैर जमाने की हर कोशिश कर रही है वहीं, आम आदमी पार्टी बेहतर सेवाओं और नए दांव के भरोसे चौथी बार जीत दर्ज करने की कोशिश में है। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली दंगा, राष्ट्रवाद, हिंदुत्व का एजेंडा, बदहाल सड़कें, किसानों की उपेक्षा, स्कूल और अस्पतालों की बदहाली का मुद्दा तथा नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा के मुद्दे पर आक्रामक रहेगी। दिल्ली विधान सभा चुनाव में चुनावी मुद्दे सभी राजनीतिक पार्टियों को परेशान करेगी। आम आदमी पार्टी को भ्रष्टाचार के मुद्दे, मनी लॉन्ड्रिंग और शराब घोटाला, अरविंद केजरीवाल के मुख्यमंत्री रहते हुए उनके आवास का रेनोवेशन शीशमहल का मुद्दा, यमुना में गंदगी, यमुना नदी की सफाई नहीं होना, दिल्ली में कचरे के पहाड़ होना और अरविंद केजरीवाल पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी और भारतीय जनता पार्टी घेर रही है। वहीं कांग्रेस अपने पुराने काम को और शीला दीक्षित सरकार के समय हुए कार्यों को याद दिला कर अपने परंपरागत मतदाताओं की वापसी की कोशिश कर रही है, ताकि लोक सभा चुनाव में बढ़े वोट प्रतिशत विधान सभा में बरकरार रहे। आम आदमी पार्टी महिलाओं के लिए ह्लमहिला सम्मान योजनाह्व का वादा, पुजारियों और ग्रंथियों को ह्ल18 हजार रुपए प्रति माह सम्मानह्व का वादा कर रही है और स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के भरोसे चुनाव जीतना चाह रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ह्ललाडली बहनाह्व, दिल्ली दंगे के साथ राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के एजेंडे पर जीत दर्ज कराना चाह रही है। चुनावों की दस्तक के साथ ही राजनीतिक पार्टियां अपनी प्रचार अभियान को धार देना शुरू कर दिया है। चुनावी घोषणा पत्र और अभियान यह तय करेगा कि भारतीय जनता पार्टी की लाडली बहना की उम्मीदें महिलाओं के बीच कितनी मजबूती से पैठ बना पाती हैं।

# अस्पतालों में लूट सके तो लूट

**रजनीश कपूर**

कुछ समय पहले मुंबई के सात नामी अस्पतालों के खिलाफ ऐसा ही नाजायज बिलिंग और मरीजों से ठगी के मामले में केस दर्ज हुआ।ह्व हृदय रोग में इस्तेमाल किए जाने वाले स्टेंट की मरीजों से औसत मूल्य लगभग 2 लाख रुपए वसूला जा रहा है। जबकि इसकी असल कीमत 10 से 15 हजार ही होती है। दरअसल इस स्टेंट को आयात करने वाला व्यक्ति इसे डिस्ट्रीब्यूटर को 40 हजार का बेचता है। अस्पताल को यह स्टेंट 80 से 90 हजार का मिलता है। राष्ट्रट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने बड़े शायराना अन्दाज में एक बार डॉक्टरों को सम्मान दिया था। अपने भाषण में उन्होंने एक शेर सुनाया, गल एक है किसको खुदा कहूँह्व। पूरे हॉल में तालियां बजी। यह बात स्पष्ट हो गई कि ज्ञानी जी जो संदेश देना चाहते थे वह सही जगह पहुँचा। दरअसल डॉक्टरों का सम्मान हर कोई इसी उम्मीद से करता है कि भगवान और माता-पिता के बाद यदि कोई पूजनीय है तो वह डॉक्टर भी हैं। परंतु यदि कुछ चुनिंदा और लालची डॉक्टर अपने पेशे से बेईमानी करने लगें तो लोगों का डॉक्टरों की पूरी जमात पर से ही विश्वास उठने लगेगा। इन दिनों आए दिन यह देखने को मिलता है कि जब किसी मरीज को इलाज के लिए किसी बड़े प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ता है तो उसे काफी खर्च करना पड़ता है। हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाएँ अभी इतनी बेहतर नहीं हुई है कि हर क्लेम का नाम सुनते ही अस्पताल वाले आपसे अनाप-शनाप पैसे लेने लग जाते हैं। साथ ही आपके इलाज में जुटे डॉक्टर भी ऐसे तमाम टेस्ट आदि लिखवा देते हैं जिनकी शायद जरूरत ही न हो। बीमा कंपनियों और कुछ निजी अस्पतालों के क्लेमह्ल के गोरखधंधे के बारे में आये दिन शोर मचाता रहता है। क्या यह कहना सही नहीं होगा कि सेवा भाव से चलने वाले कुछ चैरिटेबल अस्पतालों को छोड़ कर कई नामी प्राइवेट अस्पताल मरीजों को केवल कमाई का जरिया ही मानते हैं? कुछ समय पहले मुंबई के सात नामी अस्पतालों के खिलाफ ऐसा ही नाजायज बिलिंग और मरीजों से ठगी के मामले में केस दर्ज हुआ। इन अस्पतालों ने मरीजों से दवा पर छपे हुए दामों से कहीं अधिक रुपये वसूले। जब मामला जाँच एजेंसियों के पास पहुँचा तो सच सामने आया और इनके खिलाफ केस दर्ज हुए। जाँच में यह पाया गया कि जिस दर पर सप्लाई की जा रही थी, उसमें और मरीजों से लिये जाने वाली रकम में भारी अंतर था। इतना ही नहीं कई दवाओं और जरूरी सामग्री पर तो यह भी स्पष्ट रूप से नहीं लिखा था कि इस विदेशी दवा या जरूरी वस्तु को किसने आयात किया और कब आयात किया। साथ ही इन पर मैन्यूफैक्चरिंग की तिथि भी नहीं छपी थी। इसके साथ ही कई दवाओं और वस्तुओं पर तो अधिकतम विक्रय दर (एमआरपी) भी नहीं छपा था। अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की तरह मेडिकल वस्तुओं की बिक्री में ऐसा करना गैर-कानूनी है। परंतु शायद इन बड़े अस्पतालों के रसूख के चलते कोई आवाज नहीं उठाता या यदि कोई आवाज उठाए तो मामले की तह तक नहीं पहुँचने दिया जाता। जानकारों के मुताबिक हृदय रोग में इस्तेमाल किए जाने वाले स्टेंट की मरीजों से औसत मूल्य लगभग 2 लाख रुपए वसूला जा रहा है। जबकि इसकी असल कीमत 10 से 15 हजार ही होती है। दरअसल इस स्टेंट को आयात करने वाला व्यक्ति इसे डिस्ट्रीब्यूटर को 40 हजार का बेचता है। अस्पताल को यह स्टेंट 80 से 90 हजार का मिलता है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129

## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल एपीएफ और एसएसबी ने की जॉइंट पेट्रोलिंग

बगहा। इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर नेपाल एपीएफ और एसएसबी के जवानों ने सुरक्षा को लेकर जॉइंट पेट्रोलिंग किया।इस दौरान इंडो नेपाल सीमा पर हर व्यक्ति और वाहन की जांच की गई। साथ ही देश विरोधी गतिविधियों, मादक पदार्थ,आग्नेयास्त्र जैसे चीजों की विशेष रूप से जांच की गई।बतादें की भारत नेपाल के इस क्षेत्र को गंडक बराज पर बने पूल सड़क मार्ग एक दूसरे देश को जोड़ता है।यह पूल सड़क मार्ग नारायणी गड़क नदी के उपर बना हुआ है। इस मार्ग के रास्ते सैकड़ो लोग एक दूसरे देश मे आते जाते हैं।साझा गश्ती का नेतृत्व नेपाल एपीएफ के सब इंस्पेक्टर बल बहादुर और एसएसबी 21 वीं बटालियन गंडक बराज बी समवाय के कंपनी कमांडर इंस्पेक्टर जीडी लोकेश बनिया कर रहे थे।

### पुलिस ने देशी शराब बरामद किया, धंधेबाज फरार

बनियापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के खाकी मठिया मंदिर के समीप आम के बगीचा के पास बसवाड़ी मे छापामारी करती पुलिस ने भारी मात्रा मे चुलाई वाला शराब बरामद किया है। पुलिस पदाधिकारी के ब्यान पर दर्ज प्राथमिकी मे बताया गया है कि खाकी मठिया मंदिर के समीप वास्ावारी मे रखे बेचने के लिए शराब की छानबीन मे पता चला की राजकुमार महतो मिजार्पुर तथा अनीस सिंह उस्ती निवासी द्वारा उक्त शराब बेचने के लिए रखा गया था ,जो पुलिस की भनक पर शराब छोड़ फरार हों गए।पुलिस ने मामले मे दोनो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

### जदयू नेता ने पार्टी छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

कोपा / जदयू के जिलाअध्यक्ष नेतृत्व से नाराज होकर माँझी प्रखण्ड के जदयू नेता जनाब अन्नू खां ने जदयू छोड़ भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। हरिराज पैलेश कोपा में मिलन समारोह का आयोजन कर महाराजगंज बीजेपी सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल तथा पश्चिमी जिलाध्यक्ष ब्रज मोहन सिंह ने अन्नू खां को माला पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।अन्नू खां ने बताया कि जिले के एक जदयू के नेता परिवारवाद में लगे हुए है।केवल अपने परिवार एवं सगे संबंधियों को पार्टी के कई पदों पर काबिज है।मैं खुद 25 वर्षों से जदयू का कर्मठ समर्पित कार्यकर्ता रहा हूं।अन्नू खां वर्तमान में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला महासचिव थे।उन्होंने कई वर्षों तक अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं।क्षेत्र में इस बात को चचा हो रही है।अन्नू खा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री गौतम सिंह के काफी करीबी माने जाते है।अन्नू खा ने बताया कि भाजपा में बहुत जल्दी बड़ी जिममेवदारी मिल सकती है।मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम नारायण सिंह,गुड्डू चौधरी,जय किशोर सिंह,अमरजीत सिंह, मुकेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जनता दरबार में डीएम ने की सुनवाई

छपरा कार्यालय।जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन कर विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 56 फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई तथा तत्क्षण उक्त समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिए गए। इनमें भूमि एवं राजस्व से संबंधित 19 आवेदन, पंचायतीराज से संबंधित 11 आवेदन, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 2 आवेदन, शिक्षा विभाग से संबंधित 1 आवेदन, ग्रामीण विकास से संबंधित 2 आवेदन, आइसीडीएस से संबंधित 1 आवेदन, बैंकिंग से संबंधित 1 आवेदन,आपदा से संबंधित 1 आवेदन तथा अन्य विभागों से संबंधित अन्य आवेदन दिये गए। सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारियों को इन आवेदनों के निष्पादन हेतु त्वरित कार्रवाई का निदेश दिया गया।

### दुर्घटना में घायल बाइक सवार अस्पताल में भर्ती

बगहा। बगहा के नौरंगियां थाना अंतर्गत नौरंगियां और करई बरेई सड़क मार्ग पर बैरी माई स्थान के समीप अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त वृहस्पतिवार की देर शाम हो गई।जिसमे नौरंगियां निवासी 24 वर्षीय मनोज मुसहर बुरी तरह से घायल हो गया। किसी राहगीर द्वारा 112 पुलिस को सूचना दी गई। नौरंगियां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि 112 की पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को हरनाटांड़ सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। बतादें की नौरंगियां से यह सड़क करई बरेई होते हुए कटहरवा व हरनाटांड़ निकल जाती है। जिस जगह दुर्घटना हुई है वह जगह एक एकदम आबादी से दूर है । राहगीर ने 112 को सूचित मानवीय संवेदना का कार्य किया है।

## सखी निवास योजना से सारण में महिलाओं के लिए सुरक्षित भविष्य की तैयारी

### सांसद रूड़ी ने सखी निवास योजना के तहत महिला छात्रावास के निर्माण की मांग की

- सांसद रुडी ने सारण के प्रमुख संस्थानों में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए छात्रावास की जरूरत बताई
- सखी निवास योजना के तहत 86.24 करोड़ रुपये जारी, लेकिन बिहार को कोई लाभ नहीं मिला
- महिला छात्रावास से सुरक्षित आवास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा
- सांसद का मुख्यमंत्री से केंद्र से धनराशि आवंटन कराने और छात्रावास निर्माण की अपील
- योजना से महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार में सुधार होगा



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिले में कामकाजी महिलाओं और छात्राओं के लिए सुरक्षित और किफायती आवासीय सुविधा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सारण सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री राजीव प्रताप रूडी ने सखी निवास योजना को शीघ्र लागू किए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर बिहार में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की अपील की है।

सांसद श्री रूडी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि सखी निवास योजना के तहत देशभर में 86.24 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है, लेकिन बिहार को अब तक इस योजना के अंतर्गत कोई धनराशि नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि सारण जिले में जयप्रकाश विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, सरकारी आईटीआई, रेल चक्का कारखाना, और मढ़ौरा डीजल इंजन कारखाना जैसे महत्वपूर्ण संस्थान और औद्योगिक प्रतिष्ठान हैं, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यरत हैं या अध्ययनरत हैं।

इन संस्थानों में काम करने वाली और पढ़ाई करने वाली महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षित और किफायती आवासीय सुविधा की सख्त जरूरत है। सखी निवास योजना के तहत महिला छात्रावास का निर्माण इस दिशा में एक बड़ा कदम होगा, जिससे न केवल महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने में भी सहायता मिलेगी।

श्री रूडी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि राज्य स्तर पर पहल करते हुए सखी निवास योजना के तहत बिहार के लिए धनराशि आवंटित कराई जाय और सारण सहित अन्य जिलों में महिला छात्रावासों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि सखी निवास योजना जैसी योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। सारण में महिला छात्रावास का निर्माण न केवल महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें अध्ययन और कार्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा।

सांसद श्री रूडी ने विश्वास व्यक्त किया है कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में बिहार में सखी निवास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन होगा और सारण की महिलाओं को भी सुरक्षित व सम्मानजनक आवासीय सुविधा प्राप्त होगी।

## आज के युवाओं को बल्लभ भाई पटेल को सरदार और लौह पुरुष कहलाने का इतिहास जानना जरूरी:गरिमा

- राजगुरु चौक पर स्थापित सरदार पटेल मूर्ति सौंदर्यीकरण का महापौर ने नगर आयुक्त के साथ किया निरीक्षण

प्रात: किरण, संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने नगर के राजगुरु चौक पर स्थापित सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया। महीनों पूर्व जारी कार्यादेश के बावजूद इस आदमकद प्रतिमा स्थल का जारी सौंदर्यीकरण कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाने पर खेद व्यक्त किया। इस कार्य को अपनी प्राथमिकताओं में ऊपर बताते हुए श्रीमती सिकारिया इसको शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ में रहे नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह, कनीय अभियंता सुजय सुमन बेतिया राज पुरोहित प्रमोद ब्यास के साथ स्थानीय समाजसेवी माधव सिंह,शिव कुमार पटेल आदि के साथ भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल को महात्मा गांधी जी द्वारा लौह की उपाधि से दिए जाने का आदर पूर्वक उल्लेख किया। महापौर ने बताया कि देश के आजाद हो जाने के बाद देशभर में अपनी डफली अपना राग की कहावत चरितार्थ करने वाली तत्कालीन कुल 562 छोटी बड़ी रियासतों को भारत संघ में मिलाए बिना देश एकता और अखंडता के साथ विकास को गति देना असंभव था। वही 1928 सफल किसान आंदोलन का नेतृत्व कर के सरदार की उपाधि पा चुके बल्लभ भाई पटेल ने देश का प्रथम उपप्रधानमंत्री सह गृहमंत्री बन कर 562 देसी रियासतों के विलय को सफल बनाने का कीर्तिमान स्थापित कर दिखाया। महापौर श्रीमति सिकारिया ने बताया कि देश की एकता अखंडता के लिए बेहद जरूरी इस उपलब्धि को अकेले अपने दम पर संभव बनाने वाले सरदार पटेल को स्वयं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने सरदार पटेल को लौह पुरुष की उपाधि देकर सम्मानित किया था। इसकी जानकारी देते हुए महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को देश के प्रथम गृहमंत्री को सरदार और लौह पुरुष कहे जाने का इतिहास जानना बेहद जरूरी है।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने तेनजिंग नॉर्गे नेशनल एडवेंचर आवार्ड 2023 से उदय को सम्मानित किया

- बनियापुर के उदय कुमार ने सारण और बिहार का मान बढ़ाया

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा सदर । सारण जिला के बनियापुर प्रखण्ड अंतर्गत बारोपुर गाँव के छतीस वर्षीय उदय कुमार ने अपने साहसिक कार्यों से कीर्तिमान स्थापित किया है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लैंड एडवेंचर में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए उदय कुमार को तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार, 2023 से अलंकृत किया है। साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हौसलाफजाई करते हुए ट्वीट किया कि उदय कुमार ने पश्चिम सिक्किम के कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान में माउंट रेनॉक (16,500 फीट) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करके असाधारण साहस तथा दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है और 780 वर्ग फुट का भारतीय ध्वज प्रदर्शित किया है। यह उपलब्धि सिर्फ सारण जिला ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है। विदित हो कि तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय पुरस्कार भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा साहसिक कार्यों के लिए दिया जाता है। उदय कुमार अत्यंत साहसी व्यक्ति हैं। 29 अक्टूबर, 2015 को रेल दुर्घटना में एक पैर गंवा चुके उदय एक प्राइवेट कम्पनी मेंमामूली वेतन नौकरी करते हैं फिर भी नो वर्क नो पे पर छुट्टियाँ लेकर मैराथन और पर्वतारोहण में भाग लेते रहते हैं, वे अपने जुनून को रोक नहीं पाते हैं। अभी तक लगभग सात दर्जन मैराथन-दौड़ में उदय कुमार भाग ले चुके हैं, जिसमें 21 किलोमीटर तक दौड़े हुए हैं। उदय कुमार को एक बेटा और एक बेटी भी है। दोनों बच्चे और पत्नी की जिम्मेदारी भी उदय के कंधों पर है। उन्हें आये दिन आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बिहार सरकार मेडल लाओ और नौकरी पाओ का नारा लगाती है लेकिन 91 प्रतिशत दिव्यांग उदय कुमार को आजतक बिहार सरकार से किसी प्रकार का सहयोग नहीं मिला है।

## अति पिछड़ा आदिवासी क्षेत्र नौरंगियां दोन में एसएसबी ने 15 दिवसीय नारी कल्याण कार्यक्रम चलाया

प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा।सशस्त्र सीमा बल बगहा द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में युवतियों हेतु सिलाई प्रशिक्षण एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का नागरिक कल्याण कार्यक्रम किया जा रहा है जिसके तहत नौरंगिया दोन व खैरानी में अति पिछड़ा आदिवासी जनजाति सीमावर्ती क्षेत्रों में युवतियों हेतु सिलाई व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का नागरिक कल्याण कार्यक्रम तहत किया गया। सीमावर्ती क्षेत्रों की गरीब व बेरोजगार युवतियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने हेतु नौरंगिया दोन,खैरानी,गर्दी दोन की 30 युवतियों को 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण दिया गया तथा नौरंगिया दोन,गर्दी ग्राम की 25 युवतियों को 15 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण दिया गया।




वृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के समापन पर कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का अभिवादन किया गया एवं सभी प्रशिक्षुओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण पत्र के साथ बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा देशहित व राष्ट्र निर्माण में सशस्त्र सीमा बल का सहयोग करने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत, कमांडेंट उप एम टी मेरन,सहायक कमान्डेंट संदीप सिंह, सहायक कमांडेंट चिकित्सा डॉ जिस्नू एम समेत गणमान्य एसएचओ गोबरहिया दोन के रामानंद साह,बृज किशोर प्रसाद,प्रधानाचार्य, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, नौरंगिया दोन के बृजकिशोर प्रसाद,वार्ड सदस्य पटवारी चौधरी उपस्थित थे।

### शौच को गया बालक लापता, परिजन सशंकित ,प्राथमिकी दर्ज

रसूलपुर।थाना क्षेत्र स्थित बलिया कोठी गांव से शौच को निकला बालक के दो दिन बाद भी घर नहीं लौटने से परिजन किसी अनहोनी को लेकर सशंकित है।13 वर्षीय लापता किशोर मयंक तिवारी अपने नाना नानी के पास बचपन से रहकर पढ़ता है।थाने में दर्ज प्राथमिकी में मयंक की नानी मीरा देवी पति हरेन्द्र पांडेय ने कहा है कि 15 जनवरी की सुबह 8 बजे वह स्वच्छ होने के लिए घर से निकला पर अभी तक घर नहीं लौटा जिससे पुरा परिवार किसी अनहोनी को लेकर चिंतित है।मयंक सिवान जिले के भगवानपुर थाने के गोपालपुर गांव निवासी दीपक तिवारी का पुत्र है।थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि मयंक की खोज पुलिस अपने स्तर से कर रही है।

## ऑटो व ई-रिक्शा के परिचालन हेतु होगा रूट का निर्धारण

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। छपरा में विभिन्न मार्गों में ऑटो/ई-रिक्शा के अनियंत्रित परिचालन के कारण आमलोगों को आये दिन ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। इससे निजात दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा सार्थक पहल की जा रही है। विभिन्न चिन्हित रुट पर क्षमता एवं आवश्यकता के अनुरूप ऑटो/ई-रिक्शा की संख्या निर्धारित की जायेगी। इस उद्देश्य से गुरुवार संध्या में जिलाधिकारी ने पुलिस उपाधीक्षक यातायात एवं परिवहन विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। सभी पूर्व से चिन्हित रुट पर वर्त्तमान ट्रैफिक लोड एवं क्षमता का आकलन 4 दिनों में सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। लोड/क्षमता का आकलन होने के उपरांत विभिन्न रूट पर परिचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किया जायेगा। प्राप्त आवेदन के आधार पर विभिन्न रूट के लिये निर्धारित संख्या में ऑटो/ई-रिक्शा के परिचालन की अनुमति दी जायेगी। बैठक में उपविकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### स्थानीय विधायक द्वारा किया गया कंबल का वितरण

परसा।स्वराज आश्रम में विधायक छोटेलाल राय द्वारा शुक्रवार को दही चुरा भोज तथा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।इस दौरान विधायक छोटेलाल राय ने कहा कि माई बहिन समान योजना इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाना है। यह योजना महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करती है ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें।पेंशन योजना का उद्देश्य बुजुर्ग नागरिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। यह योजना उन बुजुर्गों को पेंशन प्रदान करती है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं ।

## नगरा के रामपुर कला और हरिहर गांव में जदयू का जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता

नगरा।प्रखंड के रामपुर कला और हरिहर गांव में शुक्रवार को जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ द्वारा अंबेडकर रथ से जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार मांझी ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष शंभू मांझी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कई प्रभावशाली योजनाएं शुरू की हैं।उन्होंने खास तौर पर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में नीतीश कुमार की उपलब्धियों पर जोर दिया।वहीं राजेश त्यागी ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के विचारों पर जोर देते हुए कहा कि उनकी विचारधारा समाज में समानता और विकास का मार्ग प्रशस्त करती है।

इस अंबेडकर रथ के माध्यम से समाज को जागरूक किया जा रहा है और बाबा साहेब के संदेश को घर-घर पहुंचाने का प्रयास हो रहा है।वहीं जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने भी अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की योजनाओं की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने बिहार में सुशासन और विकास की नई मिसाल कायम की है।उन्होंने सभी कार्यकताओं से 20 जनवरी को राजेंद्र स्टेडियम छपरा में होने वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ठऊअ) के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम कौनसफल बनाने की अपील की।इस अवसर पर जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव श्रीकांत राम, महिला जदयू की प्रदेश महासचिव कुसुम रानी, प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह, पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, कृष्णा भार्गव,पूर्व एमएलसी प्रत्याशी साजिद आलम सोनू, सीमा देवी, जिला अध्यक्ष शंभू मांझी और प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार मांझी सहित अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## सत्संग के दूसरे दिन शिव की महिमा पर प्रवचन,जुटे सैकड़ों श्रद्धालु

प्रात: किरण, संवाददाता




खैरा ।नगरा प्रखंड क्षेत्र के कादीपुर बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिक सत्संग सम्मेलन के दूसरे दिन दूर दराज से पहुंच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक प्रवचनों का लाभ उठाया. कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य स्वामीनाथ जी महाराज ने की. उन्होंने अपने प्रवचन में शिव जी की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी. उन्होंने कहा कि शिवजी की उपासना से व्यक्ति अपने जीवन के हर संकट को दूर कर सकता है.शिव की भक्ति में संकल्प और समर्पण का विशेष महत्व है.उन्होंने यह भी बताया कि राम नाम के महत्त्व को समझते हुए जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का समावेश करना चाहिए.इस अवसर पर विद्वान वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए.मंच पर उपस्थित हेमंत तिवारी,विद्याभूषण मठाधीश, सुश्री प्रिया प्रभाकर, कानपुर के चितरंजन पाठक और अन्य प्रवचन कताओं ने भी अपने वक्तव्यों से श्रद्धालुओं को प्रभावित किया.वहीं सुश्री प्रिया प्रभाकर और काजल उपाध्याय ने अपने सुरीले भजनों के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को भक्ति रस में डुबो दिया.भजनों और प्रवचनों के इस संगम ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

## एनडीए सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भाग लेंगे :रणजीत

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता के लिए आज छपरा विधानसभा की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में एस डी एस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हो भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन 20 जनवरी को छपरा शहर के राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित की गई जिससे में गठबंधन के सारे प्रदेश से लेकर जिले तक के नेता सम्मिलित हो और सभी एनडीए कार्यकर्ता मिलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में इसमें भाग ले उन्होंने उपस्थित मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 19 जनवरी को आदरणीय प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुनना सुनिश्चित करें । छपरा विधायक डॉ सीएन गुप्ता ने कहा कि दस हजार से ज्यादा कार्यकर्ता इसमें भाग लेंगे ।

राष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने कहा कि सभी बूथ एवं मंडल अध्यक्ष के कार्यकर्ता इसमें अवश्य भाग ले ज्यादा से ज्यादा एनडीए कार्यकताओं को इसमें लाने की आवश्यकता है।

प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि गांव- गांव के कार्यकर्ता इसमें जुटेंगे और कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। इस बैठक का संचालन श्रीनिवास ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी बलवंत सिंह ने किया इस बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री विवेक कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार साह, विकास गुप्ता,मुख्य प्रवक्ता सह मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, रिंकू सिंह ,संस्कार कुमार ,चंदन सोनी ,अनूप यादव, डॉ राकेश कु सिंह, शांतनु कुमार , डॉ चरण दास ,पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह राजेश फैशन, गामा सिंह, राहुल मेहता , अनुरंजन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नीतीश सरकार ने अनुसूचित जाति समाज के लिए बहुत कुछ किया है: प्रदेश अध्यक्ष

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । सुबे के मुख्य मंत्री नीतीश कुमार अनुसूचित जाति समाज के सर्वमान नेता है,उन्होंने इस समाज के लिए बहुत कुछ किया है, आगामी विधानसभा चुनाव में फिर एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी ' उक्त बातें अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ बिहार के अध्यक्ष राजेश त्यागी ने स्थानीय परिसदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं ' प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर पूरे बिहार में अंबेदकर रथ जन संवाद यात्रा भ्रमण कर रही है, इसी क्रम में आज जन संवाद रथ छपरा पहुंची है ' आगामी 19 जनवरी तक जिला के सभी विधानसभा में अनुसूचित जाति समाज के साथ जन संवाद किया जाएगा।

## नौरंगियां पुलिस ने 16 लीटर देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा पुलिस जिला के नौरंगियां थाना पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान नौरंगियां मुजहि रेता से एक व्यक्ति को 16 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि सहायक एएसआई विकास कुमार अपनी सहयोगी कर्मियों के साथ रात्रि गश्ती कर रहे थे तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली की मुजहि रेता में एक व्यक्ति शराब बेच रहा है। उक्त स्थल पर पहुंचकर घेराबंदी कर झोपड़ीनुमा घर में घुसा तो एक व्यक्ति सोता हुआ मिला।घर की तलाशी लेने पर तसले में छुपाकर रखे गए 32 पाउच देसी शराब मिला जो कुल 16 लीटर था।वहीं घर के आसपास तलाशी लेने पर (पास) कच्चा शराब बनाने का द्रब्य मिला जिसे स्थल पर ही विनष्ट कर दिया गया।

बतादें की बिहार में शराब बनाने,बेचने सेवन करने व परिवहन करने पर पूर्णरूपेण पाबन्दी है। उपर्युक्त मामले में संलिप्त पाए जाने पर बिहार शराब अधिनियम के तहत कार्यवाई की जाती है।

## केंद्रीय टीम ने फुलवरिया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया एनक़्यूएएस का असेस्मेंट

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा। स्वास्थ्य विभाग की परिकल्पना है कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में भी लोगों को उच्च गुणवत्ता और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले, इसके लिए कई स्तर प्रयास जारी है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर भी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य मिले इसके लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत सर्टिफाइड करने का प्रयास जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को दो सदस्ययी केंद्रीय टीम ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत सारण के मकेर प्रखंड के फुलवरिया स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर ( हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) का मूल्यांकन किया गया। टीम में शामिल जम्मू कश्मीर के मेडिकल कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ विवेक महाजन और सफदरजंग हॉस्पिटल दिल्ली के डॉ जीशा श्रीकुमारण ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के गहनता से मूल्यांकन किया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र की आधार भूत संरचना, दवा की रख-रखाव और उपलब्धता, जाँच घर, टीकाकरण कक्ष, प्रसव पूर्ण जाँच कॉर्नर, परिवार नियोजन कॉर्नर, बायो मेडिकल बेस्ट प्रबंधन, डाक्यूमेंट्स, मरीजों को मिलने वाली सेवाएं आदि का जाँच किया। साथ हीं ड्यूटी पर तैनात सीएचओ और एएनएम से आवश्यक पूछताछ की गयी। निरीक्षण के दौरान टीम ने केंद्र पर इलाज कराने आए मरीजों से बातचीत की। मरीजों ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने उनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बना दिया है। एक मरीज ने कहा, अब हमें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। यहाँ घर के पास ही इलाज और दवाएं मिल जाती हैं, जिससे समय और पैसे की बचत होती है। इस मौके प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण, डीपीएम अरविन्द कुमार, डीपीसी रमेश चंद्र कुमार, बीएचएम रत्नेश कुमार, बीएमएनई अमित कुमार, बीसीएम विकास कुमार, सीएचओ वंदना बेनिवाल, एएनएम रुपम, एएनएम सोनी कुमारी, एएनएम कामिनी, पीएसआई से राजीव श्रीवास्तव, सिफार के डीपीसी गनपत आर्यन, वीबीडीएस मारुती करुणाकर,काउंसलर शुभम समेत अन्य मौजूद थे। टीम के सदस्यों ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए विशेषज्ञों की टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएँ, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर को ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण-पत्र जारी किये जाते हैं।

डीपीसी सह इंचार्ज डीसीक्यूए रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि फुलवरिया आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहले राज्य स्तर से राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत सर्टिफाइड हो चुका है। राज्य स्तरीय रैंकिंग में इस सेंटर को कुल 91 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ था। राज्य स्तर से प्रमाणित होने के बाद नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए अप्लाई किया गया था। जिसके बाद सेंट्रल टीम ने मूल्यांकन किया गया। नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए कम से कम 70% अंक आवश्यक है। अगर यह सेंटर नेशनल सर्टिफाइड हो जाता है तो केंद्र सरकार द्वारा 3 साल तक प्रत्येक वर्ष 1.26 लाख रुपए दिया जायेगा। जो आयुष्मान आरोग्य मंदिर के उन्नयन में खर्च किया जायेगा।

जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप ढालना है। इसके तहत स्वास्थ्य केंद्रों के लिए पूर्व निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। इन मानकों में साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, उपकरणों की स्थिति, उपचार की प्रक्रिया और रोगियों की संतुष्टि शामिल हैं।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

■ सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को ससमय अस्पताल पहुंचाने वाले को प्रोत्साहन के रूप में दिया जाएगा 10 हजार

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. संदीप सिंह के द्वारा शुक्रवार को सड़क सुरक्षा माह 2025 (1 जनवरी, 2025 से 31 जनवरी 2025 तक) के अवसर पर आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सड़क सुरक्षा हेतु नियम अनुपालन के लिए शपथ दिलाया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जिले में दिनांक 01 जनवरी, 2025 से लेकर 31 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसके तहत आमजनों को जागरूक करने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस क्रम में आज दो जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है जो दोनों अनुमंडलों में आच्छादित करेगा।



सड़क सुरक्षा माह का आयोजन आप सभी को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जा रहा है। बताया गया कि हेलमेट पुलिस वाले से बचने के लिए नहीं, बल्कि घरवालों से दोबारा मिलने के लिए पहनिये। ड्राइविंग के समय आपकी सुरक्षा आपके हाथों में है इसका ध्यान रखें। सड़क पर पैदल चलने वाले को बायें से चलना चाहिए, बाईक को सड़क पर घुमाते समय गति धीमी रखनी चाहिए, अनावश्यक बाईक का हार्न न बजायें, हेलमेट को बोझा ना समझें। साथ ही बताया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल ना करें, हमेशा अपने वाहन को धीमा चलायें, अपने जीवन को बचायें। उन्होंने जिलावासियों से अपील किया कि आईये, हमसब मिलकर यातायात नियमों का पालन करते हुए बहुमूल्य जीवन को बचायें। जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर बताया गया कि दोपहिया वाहनों को चलाते वक्त आई एस आई मार्क हेलमेट पहनें। अच्छी गुणवत्ता के हेलमेट से सिर पर चोट लगने की संभावना काफी कम हो जाती है। वाहन चालकों से वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने का अनुरोध किया गया।

उनके द्वारा जिलावासियों से अपील की गई की सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों की मदद करें। साथ ही यह जानकारी दी गई कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को ससमय अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन के रूप में अब 10 हजार रुपये की राशि दिया जाना है। साथ ही यह सूचना भी दी गई कि दिनांक 21 जनवरी 2025 को वाहन चालकों के लिए नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मधेपुरा पुराना बस स्टैंड पर किया जाएगा।

खबर का हुआ बड़ा असर

# बेडमिंटन खिलाड़ी को दौड़ा दौड़ा कर पीटने वाला एडीएम शिशिर मिश्रा पर गिरी गाज

■ बिहार सरकार के प्रशासनिक सामान्य विभाग ने किया सस्पेंड

प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। बेडमिंटन खिलाड़ी को दौड़ा दौड़ा कर पीटने वाला एडीएम शिशिर मिश्रा को सस्पेंड कर दिया गया। बता दें कि मधेपुरा के बीपी मंडल इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन खिलाड़ी को दौड़ा दौड़ा कर पीटने वाले एडीएम शिशिर मिश्रा पर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है जिलाधिकारी के द्वारा सौंपे गए जांच रिपोर्ट के आलोक में उन्हें दोषी पाया गया जिसके बाद विभाग ने उन्हें सस्पेंड कर दिया है। मधेपुरा में बैडमिंटन खिलाड़ी को दौड़ा दौड़ा कर पीटने वाले एडीएम शिशिर मिश्रा के प्रकरण में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह के निर्देश पर एक जांच कमिटी का गठन किया गया था जिसके द्वारा मामले की जांच कर जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सोपी गयी थी।

जिसके आलोक में जिलाधिकारी ने तत्काल कार्यवाही करते हुए उन्हें उनका अतिरिक्त प्रभार छीन लिया था और उनपर कार्यवाही के लिए विभाग को पत्राचार किया जिसके बाद अब विभाग के द्वारा उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं पीड़ित बैडमिंटन खिलाड़ी के मुताबिक बीपी मंडल इंडोर स्टेडियम में एडीएम ने उनपर बैंडमिंटन खेलने का दवाब बनाया मजबूरन उन्हें बैडमिंटन खेलना पड़ा, इस दौरान उन्होंने एक गलत शॉट खेला, जिसके बाद एडीएम आगबबूला हो गए और उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा इतना ही नहीं उसका रैकेट भी तोड़ दिया मीडिया में यह खबर आने के बाद काफी बवाल हुआ बैडमिंटन खिलाड़ी के आरोपों के मुताबिक, उसके सिर, गर्दन और आंखों में चोट लगी है घटना के दौरान किसी ने इसका वीडियो बना लिया था, जिसमें लाल टीशर्ट पहने एक खिलाड़ी को ब्लैक जैकेट पहने एक व्यक्ति दौड़ा-दौड़ाकर पीट रहा था घटना के बाद से पीड़ित खिलाड़ी डरे और सहमे हुए थे और जिलाधिकारी तरणजोत सिंह से इंसाफ की गुहार लगाई थी। प्रशासन विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि एडीएम शिशिर मिश्रा का व्यवहार और आचरण किसी भी सरकारी सेवक से अपेक्षित नहीं है यह कृत उनके पदीय गरिमा के विपरीत है।

# पारस एचएमआरआई ने पेश किया किफायती एंजियोग्राफी पैकेज

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। हृदय रोग के मरीज अब बहुत ही सस्ते दर पर एंजियोग्राफी की सुविधा ले सकते हैं। हृदय रोग विशेषज्ञता में जाना माना नाम, पारस एचएमआरआई ने हृदय संबंधी जांच के लिए मात्र 6500/- में किफायती एंजियोग्राफी पैकेज की घोषणा की है। यह पहल हृदय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और मरीजों के लिए सुलभ इलाज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। पारस एचएमआरआई संपूर्ण और व्यापक कार्डियक केयर के लिए जाना जाता है। यहां 24 घंटे कैथ लैब की सुविधा और अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा देखभाल उपलब्ध है।पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि यह पहल मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं किफायती दरों पर उपलब्ध कराने का एक प्रयास है। यहां अनुभवी हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम उपलब्ध है जो मरीजों का आधुनिक तकनीक और सुविधाओं के साथ इलाज करते हैं। इस पैकेज के लिए अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं




# सियालदह मंडल अंतर्गत आरयूबी के निर्माण के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव

प्रात: किरण संवाददाता

हाजीपुर। सियालदह मंडल अंतर्गत बालीघाट-बालीहाल्ट रोड अंडर ब्रिज के निर्माण के मद्देनजर ट्रैफिक ब्लॉक लिए जाने के कारण निम्न ट्रनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है।

## परिचालन रद्द की गयी ट्रेनें:

1.गाड़ी संख्या 12359 कोलकाता-पटना गरीब रथ एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 21, 23 एवं 25 जनवरी को रद्द रहेगा।

2.गाड़ी संख्या 12360 पटना-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस का परिचालन दिनांक 22, 24 एवं 26 जनवरी को रद्द रहेगा।

3.गाड़ी संख्या 15234 दरभंगा-कोलकाता एक्सप्रेस का परिचालन 22.01.2025 को रद्द रहेगा।

4.गाड़ी संख्या 15233 कोलकाता-दरभंगा एक्सप्रेस का परिचालन 23.01.2025 को ररद रहेगा।

5.गाड़ी संख्या 03347 पटना-आरा स्पेशल का परिचालन 22, 24 एवं 26 जनवरी को रद्द रहेगा।

6.गाड़ी संख्या 03348 आरा-पटना स्पेशल का परिचालन 22, 24 एवं 26 जनवरी को रद्द रहेगा।

## मार्ग परिवर्तन (दमदम जं.-नैहाटी के रास्ते):

1.दिनांक 23.01.2025 से 26.01.2025 तक कोलकाता से खुलने वाली 13151 कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस।

2.दिनांक 23.01.2025 एवं 26.01.2025 को सियालदह से खुलने वाली 12259 सियालदह-बीकानेर एक्सप्रेस।

3.दिनांक 23.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 12315 कोलकाता-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस।

4.दिनांक 23.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 22323 कोलकाता-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस।

5.दिनांक 23.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 12325 कोलकाता-नांगलडेम एक्सप्रेस।

6.दिनांक 23.01.2025 से 26.01.2025 तक सियालदह से खुलने वाली 12987 सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस।

7.दिनांक 23.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 13167 कोलकाता-आगरा कैंट एक्सप्रेस।

8.दिनांक 23.01.2025 से 26.01.2025 तक सियालदह से खुलने वाली 12313 सियालदह-नई दिल्ली एक्सप्रेस।

9.दिनांक 24.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 12496 कोलकाता-बीकानेर एक्सप्रेस।

10.दिनांक 24.01.2025 को सियालदह से खुलने वाली 12379 सियालदह-अमृतसर एक्सप्रेस।

11.दिनांक 25.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 13165 कोलकाता-सीतामढ़ी एक्सप्रेस।

12.दिनांक 25.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस।

13.दिनांक 26.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 12317 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस।

14.दिनांक 26.01.2025 को कोलकाता से खुलने वाली 13121 कोलकाता-गाजीपुर सिटी एक्सप्रेस।

## मार्ग परिवर्तन (नैहाटी-दमदम जं के रास्ते):

1.दिनांक 21.01.2025 से 24.01.2025 तक जम्मूतवी से खुलने वाली 13152 जम्मूतवी-कोलकाता एक्सप्रेस।

2.दिनांक 23.01.2025 एवं 24.01.2025 को बीकानेर से खुलने वाली 12260 बीकानेर-सियालदह एक्सप्रेस।3.दिनांक 24.01.2025 को गाजीपुर सिटी से खुलने वाली 22324 गाजीपुर सिटी-कोलकाता एक्सप्रेस।4.दिनांक 25.01.2025 को नांगलडेम से खुलने वाली 12326 नांगलडेम-कोलकाता एक्सप्रेस।

5.दिनांक 22.01.2025 से 25.01.2025 तक अजमेर से खुलने वाली 12988 अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस।6. दिनांक 22.01.2025 से 25.01.2025 तक नई दिल्ली से खुलने वाली 12314 नई दिल्ली-सियालदह एक्सप्रेस।

7.दिनांक 22.01.2025 को आनंद विहार से खुलने वाली 12330 आनंद विहार-सियालदह एक्सप्रेस।8. दिनांक 22.01.2025 को जम्मूतवी से खुलने वाली 22318 जम्मूतवी-सियालदह एक्सप्रेस।

9.दिनांक 22.01.2025 को अहमदाबाद से खुलने वाली 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस।10. दिनांक 23.01.2025 को अमृतसर से खुलने वाली 12358 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस।11. दिनांक 23.01.2025 को ग्वालियर से खुलने वाली 12320 ग्वालियर-कोलकाता एक्सप्रेस।12. दिनांक 23.01.2025 को बीकानेर से खुलने वाली 12495 बीकानेर-कोलकाता एक्सप्रेस।13. दिनांक 24.01.2025 को अमृतसर से खुलने वाली 12318 अमृतसर-कोलकाता एक्सप्रेस।

# द्विवेदीयुगीन साहित्यकार बाबू गुलाबराय के 137वीं जयंती पर सामयिक संवाद

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार हिंदी साहित्य के इतिहास को नई दशा एवं दिशा देने वाले बाबू गुलाब राय के 137 वीं जयंती के अवसर पर सामयिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद करते हुए उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि बाबू गुलाब राय ने आधुनिक हिंदी साहित्य में गद्यात्मक साहित्यिक वृत्तियों को नई धार दी और उन्होंने हिंदी साहित्येतिहास की आधुनिक व्याख्या की।साहित्येतिहास लिखने वाले साहित्यकारों में गुलाब राय जी का नाम अग्रणी है। द्विवेदी युग के प्रमुख लेखकों में से एक गुलाब राय की मूल रूप से निबंधकार एवं आलोचक की भूमिका ज्यादा निभाते थे। हिंदी साहित्य के अलावा उनकी प्रमुख पुस्तक में दर्शन साहित्य के रूप में भी वर्णित है।नवरस, नाट्य विमर्श, काव्य के रूप, सिद्धांत और अध्ययन, कर्तव्य शास्त्र, तर्कशास्त्र, हिंदी साहित्य का सुबोध इतिहास, पाश्चात्य दर्शनों का इतिहास उनकी प्रमुख कृतियां हैं। उन्होंने इतिहास और दर्शन में एकरूपता साबित करने की कोशिश की है इतिहास के मुखर स्वरूप को दर्शन से विभूषित किया है।

# चार दिवसीय टेराकोटा कार्यशाला में बच्चों द्वारा बनाए गए कलाकृति का प्रदर्शनी लगाकर हुआ समापन


प्रात: किरण संवाददाता

मधेपुरा। कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार, एवं जिला प्रशासन मधेपुरा के तत्वाधान में आयोजित मकर संक्रांति महोत्सव के अवसर पर 13 जनवरी से शुरू चार दिवसीय टेराकोटा कार्यशाला शुक्रवार को कार्यशाला में बच्चों द्वारा बनाए गए कलाकृति का प्रदर्शनी लगाकर समापन हुआ। वही इस कार्यशाला में बच्चों ने मिट्टी के बर्तन, खिलौने, देवी-देवताओ की मूर्तियां, सजावट की वस्तुएँ, ज्वेलरी आदि बनाया। साथ ही बच्चों ने टेराकोटा के बाजारीकरण का भी प्रशिक्षण लिया, किस तरह आप अपने कला के माध्यम से अपनी एक पहचान बना सकते हैं। वहीं प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे एडीएम अरुण कुमार सिंह, सहायक निदेशक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग सुश्री यशस्वी, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई श्रीमती विजेता रंजन, उप निदेशक युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नेहरू युवा केंद्र भारत सरकार हुस्न जहां। सभी ने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृति को खूब सराहा। साथ ही साथ बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किए। एडीएम अरुण सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा की आप अपने कला कृति के माध्यम से खुद को एक नयी पहचान बनाइये साथ ही उच्च शिक्षा ग्रहण भी ध्यानपूर्वक कीजिये। अपने कला को उद्योग से जोड़िये। वहीं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सुश्री आम्रपाली कुमारी ने कहा की बच्चों ने इस चार दिवसीय कार्यशाला में बहुत अच्छा प्रयास किया और अपने कला को उद्योग से जोड़ने का प्रशिक्षण लिया। जिससे वो अपने भविष्य कला के माध्यम से काफी आगे ले जाये।




बच्चों ने बहुत ही सुन्दर कलाकृतियाँ बनानी सीखी हैं, जो काफी सराहनीय है, मैं इनकी उज्जवल भविष्य की कामना करती हूँ। वही इस कार्यशाला के शिक्षक विनोद कुमार रजक, कृष्णा झा, सीताराम पंडित, संतोष कुमार, रजनी कुमारी एवं पूनम भारती का योगदान भी काफी सराहनीय रहा। वही इस कार्यशाला में प्रिया कुमारी, सुब्रा श्रीवास्तव, साक्षी कुमारी, दिव्या कुमारी, सक्षम कुमार, देवराज कुमार, मोहम्मद आशिफ, कुंदन कृष्ण, आर्यन राज सहित 52 छात्र छात्रों भाग लिया जिन्हें जिला कला एवं सांस्कृतिक पदाधिकारी सुश्री आम्रपाली कुमारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढ़ाया। व्यवस्थापक के रूप में नंदन कुमार, अवधेश कुमार राम, इंग्लिश, मनोज कुमार काफी सक्रिय रहे।

# छात्र - छात्राओं ने किया वृक्षारोपण



भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय भागलपुर के विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर गांधी विचार विभाग में छात्र - छात्राओं ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विभाग के सत्र 2023- 25 सेमेस्टर 3 के विद्यार्थियों ने आंतरिक परीक्षा के अंतिम दिन पर्यावरण जागरूकता परिचर्चा में भाग लिया इसके बाद इस जागरूकता को व्यवहारिक व प्रायोगिक बनाने के लिए विभागाध्यक्ष डॉ अमित रंजन के निर्देशन में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में मधुकांत, रंजीत, राहुल, सरस्वती कुमारी, प्रियांशु, विजय कुमार, पियूष, सुनीता कुमारी, सोनी कुमार एवं सोनू कुमार गुप्ता शामिल थे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. अमित रंजन सिंह सहित विभाग के शिक्षक गौतम कुमार, डॉ. उमेश प्रसाद नीरज, मनोज कुमार दास, डॉ. देशराज वर्मा एवं डॉ. सीमा कुमारी, जे आर एफ नरेन नवनीत सहित विभागीय कर्मचारी श्री उमेश कुमार एवं रामचंद्र रविदास भी उपस्थित रहे।

# कदाचारमुक्त माहौल में ली जा रही है प्रायोगिक परीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा)। प्रखंड अंतर्गत नरदह पंचायत के श्री वासुदेव प्लस टू उच्च विद्यालय में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेर्शानुसार बीते 10 जनवरी से 12वीं के आर्ट्स और विज्ञान संकाय की प्रायोगिक परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण ली जा रही है। प्रायोगिक परीक्षा देकर कॉलेज से निकले छात्र-छात्रा काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। ज्ञात हो कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इस बार मुख्य परीक्षा के तर्ज पर प्रायोगिक परीक्षा के लिए बोर्ड के स्तर से प्रवेश पत्र जारी किया था। प्रायोगिक परीक्षा को लेकर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने प्रश्न पत्र सहित ओएमआर प्रश्न पत्र भी उपलब्ध कराया है। परीक्षा के दौरान बच्चे के सहूलियत के लिए अलग - अलग कमरे में रोल नंबर के आधार पर बच्चों की परीक्षा कराई जा रही है तत्पश्चात परीक्षा के बाद एक टीम का गठन कर बच्चे के मौखिक परीक्षा भी ली जा रही है। वहीं विद्यालय के केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक शंकर मंडल बताया कि बच्चे को परीक्षा में बैठने से पहले उनकी शारीरिक जांच की जा रही है उसके बाद शिफ्ट के अनुसार परीक्षा का संचालन किया जा रहा है।

# जरूरतमंद लोगों के बीच लायंस क्लब के द्वारा किया गया कंबल का वितरण

प्रात: किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा)। कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टेंगरा परिहारी पंचायत स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में जरूरतमंद निसहाय गरीब लचार के बीच लायन प्रीति यादव के सौजन्य से टैगराहा (देवेंद्र धाम) में लायंस क्लब ने भीषण ठंड को ध्यान में रखते हुए कंबल वितरण किया। इसमें क्लब के द्वारा 150 कंबल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष मनीष सर्राफ, जोनल चेयरपर्सन लायन चन्द्रशेखर कुमार, लायन डा हिमांशु, लायन विकाश सर्राफ, लायन आनन्द कुमार, लायन राजीव सर्राफ, लायन सुमन पोद्दार सहित गांव के मुखिया, वार्ड सदस्य एवं कई ग्रामीण सहित अन्य कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने ठंड से जूझ रहे गरीब और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित कर उनके जीवन में गर्माहट पहुंचाने का प्रयास किया और अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया। लायंस क्लब की इस पहल को स्थानीय लोगों और समाजसेवियों द्वारा सराहा गया।



लोगों का कहना था कि, इस प्रकार के कार्यक्रम से समाज में मदद और सेवा की भावना को प्रोत्साहन मिलता है। वहीं क्लब के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्ग के प्रति सहानुभूति और सहायता का प्रतीक है। सभी सदस्यों ने समाज के अन्य सक्षम लोगों से भी प्रचंड ठंड के बीच ऐसे लोगों को मानवीय सहायता पहुंचाने की अपील की है। मालूम हो कि लायंस क्लब मधेपुरा की टीम 2017 से पहल शुरू की गई थी। जहां अब तक जिले के सभी प्रखंडों में से लगभग गांवों तक पहुंच कर जरूरतमंद लोगों को कमल वितरण किया गया है।

## 18 से 19 जनवरी को राजगीर में बालक एवं बालिकाओं का ट्रायल चयनित प्रक्रिया आयोजित किए जाएंगे

मधेपुरा। हॉकी खेल को बिहार स्टेट में बढ़ावा देने को लेकर हाल में ही हॉकी इंडिया द्वारा नए संघ हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार को मान्यता प्रदान की गई है ताकि प्रदेश में हॉकी खेल व खिलाड़ी को समुचित रूप से विकास एवं उनके उत्थान में सहयोग प्रदान किया जा सके।

इसी उद्देश्य के साथ हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव राणा प्रताप सिंह ने बताया की खेलो इंडिया यूथ गेम्स हॉकी के लिए दिनांक 18 से 19 जनवरी को राजगीर खेल परिसर में बालक एवं बालिकाओं का ट्रायल चयनित प्रक्रिया आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल में राज्य के सभी जिलों से हॉकी बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे।

## मुख्यमंत्री से नहीं संभल रही कुर्सी: मुकेश सहनी

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। वीआईपी संरक्षक सह पूर्व मंत्री मुकेश सहनी का महागठबंधन के कार्यकताओं ने गुरुवार देर शाम भव्य स्वागत किया। वह बेगूसराय से चलकर एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मधेपुरा जा रहे थे जहां उदाकिशुनगंज में कुछ पल सहनी महागठबंधन कार्यकताओं के साथ बिताया। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चचाएं की। वहीं पत्रकारों से बातचीत में सहनी ने कहा कि नीतीश कुमार को अब राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए। वजह कि अब मुख्यमंत्री से सत्ता नहीं संभल पा रहा है। सूबे में अराजकता का माहौल बना हुआ। अपराध और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सूबे में जनहित में कोई काम नहीं रहा है। नीतीश कुमार का मकसद कुर्सी चिपके रहना रह गया। मौके पर वीआईपी जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव कुमार सहनी, राजद प्रदेश सचिव कंतलाल शर्मा, राजद पूर्व विधायक प्रत्याशी नवीन कुमार निषाद, पूर्व प्रमुख विकासचंद्र यादव, कांग्रेस नेता मो. शरीफ, मो. पप्पू, देव कुमार, विरेन्द्र सहनी, राधेश्याम मुखिया, संजय मंडल, कन्हैया सहनी, राहुल कुमार, हिरो कुमार मो. पप्पू सहित अन्य मौजूद थे।

## किसानों का महाजुटान धरना सम्पन्न

बिक्रमगंज(रोहतास)। सिंचाई संसाधनों का जिर्णोद्धार व नये निर्माण करने, सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली देने, बाढ़ सुखाड़ का स्थाई निदान का प्रबंध करने, एम एस पी का कानूनी गारंटी, खाद्य सुरक्षा, कर्ज मुक्ति, कृषि मंडियों की पुनर्बहाली, भूमि सर्वे और भूमि अधिग्रहण पर रोक लगाने एवं एन पी एफ ए एम प्रस्ताव को वापस करने के मांग पर अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य व्यापी आह्वान पर कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, सिंचाई विभाग विक्रमगंज के समक्ष किसानों द्वारा एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान महा सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व काराकाट विधायक कां अरुण सिंह ने किया, जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव कां जवाहरलाल यादव ने किया।

सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक कां अरुण सिंह ने कहा कि किसान अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा संकट के दौर से गुजर रहे हैं।जब राज सत्ता ही हमारी खेती खेत व फसल को कारपोरेट के पक्ष में हमसे छीन लेना चाह रही है। पहले हमारी खेती में मिलने वाली सभी सुविधाओं को समाप्त कर उसे घाटे का बना दिया है, फिर कानून के सहारे खेत खेती, फसल हमसे छीन कर कारपोरेट के हवाले करना चाहती है। केंद्र सरकार कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति के प्रस्ताव (एन पी एफ ए एम) के जरिए तीनों काले कृषि कानूनों को चोर दरवाजे से राज्यों के माध्यम से लागू कराने की कोशिश कर रही है। जिसका विरोध देश भर के किसान व उनके संगठन शुरू कर दिए हैं।

किसानों के हीत के साथ एम एस पी की कानूनी गारंटी, खाद्य सुरक्षा, संपूर्ण कर्ज मुक्ति, कृषि मंडियों की पुर्नबहाली, सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली, नहरों का आधुनिकीकरण, सिंचाई संसाधनों का जीर्णोद्धार व न एव नये नहरों का निर्माण, बाढ़ सुखाड़ का स्थाई निदान आदि मांगे हैं।

# पुसी पूर्णिमा मेला में दंगल प्रतियोगिता पूर्व कल्याण मंत्री डॉ रमेश ऋषिदेव ने किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा)। कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रानीपट्टी सुखासन पंचायत के महादेव स्थान नदी घाट पर सात दिनों तक चलने वाली मेला महोत्सव में आयोजित दो दिवसीय दंगल कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन सिंहेश्वर विधानसभा के पूर्व विधायक सह बिहार सरकार में पूर्व कल्याण मंत्री डॉ रमेश ऋषिदेव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर रमेश ऋषिदेव ने कहा कि कुश्ती लोगों की जीवन का हिस्सा है। कुश्ती से लोगों का स्वास्थ अच्छा रहता है। कुश्ती के बल पर युवा वर्ग देश-विदेश में अपने प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं। प्रथम दिन दस जोड़ी पहलवानों ने कुश्ती का दांव आजमाया जिसमें बिहार, बनारस, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, लखनऊ, राजस्थान के साथ पहलवानों ने दांव आजमाया। कुश्ती का संचालन शेरा पहलवान ने किया। बताते चलें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रानीपट्टी सुखासन पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा सात दिवसीय पुसी पूर्णिमा मेला का आयोजन किया गया है। मेला कमेटी अध्यक्ष मंजाय यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आसपास के गांवों से हजारों लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं।



जहां मंदिर प्रांगण में स्थापित माँ कोसी की प्रतिमा की पूजा अर्चना के लिए भीड़ उमड़ती है। मेला कमेटी सदस्य प्रधानअध्यापक संजीव यादव ने बताया कि कोसी क्षेत्र के प्राचीन यह मेला में दूर दराज से लोग आकर मेला का लुप्त उठाते हैं। मौके पर उपस्थित मेला कमेटी सदस्य अरुण कुमार (फौजी), अच्छेलाल मेहता (महात्मा), रानीपट्टी सुखासन पंचायत के मुखिया अनिल ऋषिदेव, वार्ड सदस्य, सरपंच, समिति सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हरिहर साहा महाविद्यालय में भवन निर्माण कार्य को ले पटना की प्रयोगशाला टीम ने मिट्टी की खुदाई कर ले गए सैंपल

प्रात: किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। अनुमंडल मुख्यालय का एक मात्र अंगीभूत हरिहर साहा महाविद्यालय में भवन निर्माण कार्य को लेकर मिट्टी जांच करने पटना की प्रयोगशाला टीम पहुंची। टीम ने मिट्टी की खुदाई कर सैंपल अपने साथ ले गए। टीम में शामिल अधिकारी ने बताया कि प्रयोगशाला में इसकी जांच की जाएगी। उसके बाद आगे का काम होगा। पीएम उषा योजना के तहत सरकार से पांच करोड़ की अनुदान राशि प्राप्त हुआ है। राशि से तीन मंजिला भवन बनना है। भवन बनने से पठन पाठन कार्य में परेशानी नहीं होगी। वहीं महाविद्यालय का संचालन भी सही ढंग से हो पाएगा। भवन निर्माण कार्य को लेकर पटना से पहुंचे प्रयोगशाला की टीम ने मिट्टी जांच के लिए सैंपल लिए। मिट्टी जांच की प्रक्रिया पूर्ण होने के शीघ्र बाद ही भवन निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। प्राचार्य प्रज्ञा प्रसाद ने बताया कि पीएम उषा योजना के तहत पांच करोड़ की राशि भारत सरकार से मिला है। यह राशि 60 और 40 प्रतिशत के हिसाब से मिला है। उन्होंने बताया कि साढ़े तीन करोड़ की राशि से भवन निर्माण कार्य होना है। इसके अलावा डेढ करोड़ की राशि से अन्य काम होंगे। इसमें प्रयोगशाला, कंप्यूटर कक्ष आदि बनेंगे। जी थ्री भवन के लिए मिट्टी जांच के लिए सैंपल लिए गए

## भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह की सगाई, यूपी से समाजवादी पार्टी की सांसद बनेंगी जीवन संगिनी

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने सगाई कर ली है। उनकी होने वाली जीवन संगिनी कोई आम युवती नहीं हैं। रिंकू ने उत्तर प्रदेश के मछ्ली लोकसभा क्षेत्र की सांसद प्रिया सरोज से





सगाई की है। 25 साल की प्रिया सरोज सुप्रीम कोर्ट में वकील रहीं हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की। अब वह सांसद के साथ-साथ भारतीय क्रिकेटर की पत्नी भी बनने वाली हैं।

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह ने सगाई कर ली है। उनकी होने वाली जीवन संगिनी कोई आम युवती नहीं हैं। रिंकू ने उत्तर प्रदेश के मछ्ली लोकसभा क्षेत्र की सांसद प्रिया सरोज से सगाई की है। 25 साल की प्रिया सरोज सुप्रीम कोर्ट में वकील रहीं हैं। उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की। अब वह सांसद के साथ-साथ भारतीय क्रिकेटर की पत्नी भी बनने वाली हैं।

## बोपन्ना और झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल के दूसरे दौर में पहुंची

**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के रोहन बोपन्ना और चीन की शुआइ झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन मिश्रित युगल में इवान डोडिज और क्रिस्टिना म्लादेनोविच को 6.4, 6.4 से हराकर दूसरे दौर में



पहुंच गई। पुरूष युगल के पहले ही दौर से बाहर होने के बाद दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी बोपन्ना ने एक घंटे 12 मिनट तक चले इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया।

अब बोपन्ना और झांग का सामना अमेरिका के टेलर टाउनसेंड और मोनेगास्क के हुगो निस और ऑस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक मेडिसन इंगलिस और जैसन कुबर के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। बोपन्ना 2023 में सानिया मिर्जा के साथ यहां फाइनल में पहुंचे थे।

## 'मेरी 8 साल की मेहनत रंग लाई'

### अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने पर बोले पैरा-तीरंदाज राकेश कुमार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पैरा-तीरंदाज राकेश कुमार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित होने के बाद अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। राकेश कुमार और शीतल देवी की भारतीय तीरंदाजी जोड़ी ने पिछले



साल पेरिस पैरालिंपिक में इटली के एलेनोरा सार्टी और माटेओ बोनासिना को हराकर मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पैरालिंपिक में उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए उनके नाम पर अर्जुन पुरस्कार के लिए विचार किया गया था।राकेश कुमार ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मेरी आठ साल की मेहनत रंग लाई। मैं यह पुरस्कार हमारे राष्ट्रपति से प्राप्त करूंगा, मुझे बहुत गर्व है।

# विराट कोहली भी खेलेंगे घरेलू क्रिकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को सौराष्ट्र के खिलाफ राजकोट में अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए दिल्ली की 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में रखा गया है लेकिन उनके चोट की खबर आने के बाद अभी उनके खेलने को लेकर संशय है। समझा जाता है कि कोहली ने दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के आला अधिकारियों को बताया है कि उन्हें सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान गर्दन में हल्की चोट लगी थी।

- **रणजी ट्रॉफी के लिए दिल्ली की 22 सदस्यीय टीम में शामिल**

वहां फिजियो ने उनका उपचार किया और अभी इस बारे में तस्वीर साफ नहीं है कि वह 23 जनवरी से होने वाला रणजी मैच खेलेंगे या नहीं। वह खेलेंगे या कुछ दिन अभ्यास के लिये राजकोट जाएंगे, इसके बारे में तभी पता चलेगा जब वह डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली को बताएंगे। कोहली ने 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ गाजियाबाद में आखिरी बार रणजी मैच खेला था। इसके एक साल बाद सचिन तेंदुलकर ने लाहली में हरियाणा के खिलाफ अपना आखिरी रणजी मैच खेला।

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सात साल बाद रणजी मैच खेलेंगे हालांकि समझा जाता है कि उन्होंने कप्तानी से इनकार कर दिया। इसके मायने हैं कि आयुष बडोनी ही कप्तान होंगे। डीडीसीए की शीर्ष परिषद के एक सदस्य ने बताया, 'ऋषभ का मानना है कि मौजूदा कप्तान को ही कमान संभालनी चाहिए। उनका मानना है कि चूंकि वह निरंतर उपलब्ध नहीं होंगे तो कप्तानी में बदलाव नहीं करना चाहिए।

उन्होंने कहा, 'जब पंत को कप्तानी की



पेशकश की गई तो उसने कहा कि वह बडोनी की कप्तानी में खेलकर खुश हैं। हमने 22 खिलाड़ी चुने हैं जिनमें पांच अंडर 23 खिलाड़ी हैं जो 25 जनवरी से छत्तीसगढ के खिलाफ सीके नायुडू अंडर 23 मैच के लिये भिलाई जाएंगे। बीसीसीआई ने सभी केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य कर दिया है। यशस्वी जायसवाल मुंबई के लिए और शुभमन गिल पंजाब के लिए खेल रहे हैं। रोहित शर्मा मुंबई रणजी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं हालांकि उनका खेलना अभी तय नहीं है।

## बीसीसीआई ने कसी प्लेयरों पर लगाम, 10 आदेश किए जारी, घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय क्रिकेट टीम में 'अनुशासन और एकजुटता' को बढ़ावा देने के लिए 10 सूत्री नीति जारी की जिसमें घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य, दौरे पर परिवार और निजी स्टाफ की मौजूदगी पर पाबंदी और श्रृंखला के दौरान व्यक्तिगत विज्ञापन पर प्रतिबंध जैसे कई उपाय शामिल हैं। इस नीति का पालन नहीं करने पर खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया जाएगा जिसमें केंद्रीय अनुबंधों से उनकी रिटेनर फीस में कटौती और लुभावनी इंडियन प्रीमियर लीग में भाग लेने पर रोक शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया के दौरे में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद इन निर्देशों की घोषणा की गई है जिसके पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में वाइटवाश का सामना करना पड़ा था। बोर्ड ने विदेशी दौरों के दौरान खिलाड़ियों के साथ परिवारों के रहने के लिए केवल दो सप्ताह की अवधि को मंजूरी दी है, इसके अलावा निजी स्टाफ और व्यावसायिक फोटो शूट पर प्रतिबंध लगाए हैं। बोर्ड की नीति में कहा गया है कि इसमें किसी भी अपवाद या विचलन को चयन समिति के अध्यक्ष और मुख्य कोच द्वारा पूर्व-अनुमोदित किया जाना चाहिए। इसका पालन नहीं करने पर बीसीसीआई द्वारा उचित समझी जाने वाली अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है।

नीति में चेताया गया- इसके अलावा बीसीसीआई किसी खिलाड़ी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है जिसमें संबंधित खिलाड़ी को आईपीएल सहित बीसीसीआई द्वारा आयोजित सभी टूर्नामेंटों में भाग लेने से रोकना और बीसीसीआई के खिलाड़ी अनुबंध के अंतर्गत रिटेनर राशि या मैच फीस से कटौती करना शामिल हो सकता है। इस दस्तावेज में यह भी कहा गया है कि अब से खिलाड़ियों को दौरे के दौरान अलग से यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी तथा दौरे या मैच के जल्दी समाप्त होने की स्थिति में उन्हें जल्दी नहीं जाने दिया जाएगा।

## चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले सफेद गेंद के क्रिकेट का अभ्यास कर रहे हैं रोहित शर्मा



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे श्रृंखला और चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले सफेद गेंद के प्रारूप में अपने कौशल को निखारने पर मेहनत कर रहे हैं। इंस्टाग्राम पर डाले एक वीडियो में 37 वर्ष के रोहित को अभ्यास सत्र में उनके चिर परिचित शॉट फ्लिक, ड्राइव, ऊंचे हिट और पूल लगाते देखा गया।

ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद रोहित मुंबई की रणजी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं। मुंबई को 23 जनवरी को रणजी मैच में जम्मू कश्मीर से खेलना है लेकिन अभी तय नहीं है कि रोहित उसमें खेलेंगे या नहीं। भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी में 20 फरवरी को बांग्लादेश से दुबई में पहला मैच खेलना है। इससे पहले छह फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलनी है। रोहित ऑस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में 31 रन ही बना सके और सिडनी में पांचवें टेस्ट से खराब फॉर्म के कारण खुद बाहर हो गए थे।

**विजय हजारे ट्राफी**

# कर्नाटक पर फाइनल में जीत केक पर आइसिंग की तरह होगी : करुण नायर

**मुंबई (एजेंसी)।** विदर्भ को पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाकर कप्तान करुण नायर बेहद खुश दिखे। सीरीज के 8 मुकाबलों में 752 रन बनाकर टॉप स्कोरर चल रहे करुण ने सेमीफाइनल मुकाबले में भी महाराष्ट्र के सामने 88 रनों की तेजतर्रार पारी खेली और अपनी टीम को 380 रन तक पहुंचा दिया जहां से महाराष्ट्र के लिए जीत नमुमकिन सी हो गई। मैच जीतने के बाद करुण नायर ने टीम पर कहा कि यह एक विशेष इकाई है। यह एक अद्भुत यात्रा रही है, हमें अभी एक और सीढ़ी चढ़नी है। सभी ने योगदान दिया, एक-दूसरे की सफलता से बहुत खुश हैं। एक और खेल बाकी है अगर जीत गए तो केक पर आइसिंग की तरह होगा। टीम जीत में योगदान चाहे छोटा हो या बड़ा, हर किसी ने कभी न कभी योगदान दिया है। फाइनल में कर्नाटक का सामना करने पर उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक और खेल है। यह फाइनल है। हमें खेल जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना होगा।

प्लेयर ऑफ द मैच यश राठौड़ ने कहा कि मैंने बल्लेबाजी का आनंद लिया। यह (विकेट) थोड़ा धीमा था लेकिन मैंने इस पर खेलने का आनंद लिया। गेंद शुरू में नहीं आ रही थी, कुछ गेंदें रुक रही थीं और कुछ नीची रह रही थीं। हमने पिछले 4 मैचों से ओपनिंग शुरू की। हमारे बीच अच्छा तालमेल है। 300 हमारा लक्ष्य था क्योंकि हम जानते थे कि इसे कुल 300+ बनाना होगा।



वहीं, महाराष्ट्र के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने कहा कि आप कह सकते हैं कि हमारे पास शुरू से ही छुट्टी का दिन था लेकिन उन्हें श्रेय जाता है कि उन्होंने बल्ले से हमें पछाड़ दिया। हम मैदान में बेहतर हो सकते थे लेकिन आपको एक दिन की छुट्टी मिल सकती है। उन्होंने वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की और सही समय पर तेजी लाई।

### ऐसा रहा मुकाबला

ध्रुव शौरी (114), यश राठौड़ (116) की शानदार शतकीय और कप्तान करूण नायर (नाबाद 88) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर विदर्भ ने दूसरे सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के सामने जीत के लिए 381 रन का लक्ष्य रखा था जोकि महाराष्ट्र की टीम हासिल नहीं कर पाई और 69 रनों से मुकाबला गंवा लिया। महाराष्ट्र की ओर से अर्शिन कुलकर्णी ने 90 रन बनाकर एक छोर संभाला लेकिन अन्य बल्लेबाजों का सहयोग न मिलने के कारण उनकी टीम को हार झेलनी पड़ी।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**महाराष्ट्र** - रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, सिद्धेश वीर, अंकित बावने, राहुल त्रिपाठी, अजीम काजी, निखिल नाइक (विकेटकीपर), सत्यजीत बच्चाव, मुकेश चौधरी, रजनीश गुरबानी, प्रदीप दाधे

**विदर्भ** - ध्रुव शौरी, यश राठौड़, करुण नायर (कप्तान), अपूर्व वानखड़े, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शुभम दुबे, हर्ष दुबे, नचिकेत भूते, पार्थ रेखाडे, यश ठाकुर, दर्शन नालकंडे।

## लियोन ने कोहली-बुमराह के ऑटोग्राफ वाला बल्ला दिव्यांग क्रिकेटरों के लिए किया दान



**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने भारतीय स्टार विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के हस्ताक्षर वाला बल्ला क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सामाजिक प्रभाव साझेदार टावेरनेर्स को दान कर दिया जिसकी नीलामी से मिलने वाली रकम दिव्यांग क्रिकेटरों की मदद के काम आएगी। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस, स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ और लियोन ने खुद भी तीन बल्लों पर हस्ताक्षर किए। ये हस्ताक्षर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के दौरान लिए गए जो ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा, '2025 राष्ट्रीय क्रिकेट समावेशिता चैम्पियनशिप से पहले दिव्यांग क्रिकेटरों के राष्ट्रीय समावेशी दूत नाथन लियोन ने तीन खास बल्ले क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सामाजिक प्रभाव साझेदार टावेरनेर्स आस्ट्रेलिया को दान किए हैं। इसमें कहा गया, 'हर बल्ले के बीच में ब्रेल लिपि में स्टिकर लगाया गया है जिस पर लिखा है 'सभी के लिये खेल। इस पर ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय टेस्ट क्रिकेटरों के आटोग्राफ हैं। इनकी नीलामी से मिलने वाली रकम दिव्यांग क्रिकेटरों की मदद के लिये इस्तेमाल की जाएगी।

लियोन ने अपने एक्स हैंडिल पर इन बल्लों की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, 'दिव्यांग क्रिकेट के लिये पैसा जुटाने में हमारी मदद कीजिए। हमारे पास तीन बल्ले हैं जिन पर बीजीटी श्रृंखला के दौरान आटोग्राफ लिए गए। एक पर पैट कमिंस और जसप्रीत बुमराह, दूसरे पर स्टीव स्मिथ और विराट कोहली और तीसरे पर मेरे और रविचंद्रन अश्विन के आटोग्राफ हैं।

# भारत की नजरें अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप बरकरार रखने पर

- **भारतीय टीम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगी**

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** विश्व स्तर पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश में जुटे भारत के अगली पीढ़ी के क्रिकेटर शनिवार से यहां शुरू हो रहे आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य खिताब बरकरार रखने का होगा। भारत को ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया के साथ रखा गया है। भारतीय टीम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगी।

भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ पहला विश्व कप जीता था जिसमें फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी थी। पहले दिन पिछली बार सेमीफाइनल खेलने



वाली ऑस्ट्रेलिया का सामना ग्रुप डी में स्कॉटलैंड से होगा जबकि 2023 उपविजेता इंग्लैंड की टक्कर आयरलैंड से होगी। रविवार को होने वाले अन्य मैचों में समोआ का सामना ग्रुप सी में नाइजीरिया से, ग्रुप डी में बांग्लादेश का सामना नेपाल से, ग्रुप बी में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से और ग्रुप सी में न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमों को चार चार के चार समूहों में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी। वहां से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जाएंगी और फाइनल दो फरवरी को होगा। भारत ने 2023 में शेफाली वर्मा की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका में यह टूर्नामेंट जीता था। उस टीम में टिटास साधू, श्वेता सेहरावत, पार्श्वी चोपड़ा और अर्चना देवी जैसे खिलाड़ी थे जो सीनियर स्तर पर खेल रहे हैं।

# युवराज ने दो टेस्ट सीरीज हारने के बावजूद किया रोहित शर्मा का समर्थन, गंभीर का भी दिया साथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू और विदेशी सरजमीं पर लगातार दो टेस्ट सीरीज हारने के बावजूद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की नेतृत्व क्षमता का समर्थन किया है। एक कप्तान के तौर पर रोहित ने हाल ही में कुछ शर्मनाक प्रदर्शन किए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ठीक पहले भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 12 साल में पहली बार घरेलू टेस्ट सीरीज 0-3 से गंवाई। यह तीन या उससे अधिक मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में उनका पहला वाइटवॉश भी था।

युवराज सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा, गौतम गंभीर को और समय दिए जाने की जरूरत है, क्योंकि वह अभी-अभी सिस्टम में आए हैं। रोहित ने हमें टी20 विश्व कप जिताया और जब भारत विश्व कप (वनडे) फाइनल में पहुंचा तो वह कप्तान थे। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस ने 5 आईपीएल जीते। उन्होंने किसी और को मौका देने के लिए आखिरी टेस्ट (बीजीटी का) में पद छोड़ दिया, अतीत में कितने कप्तानों ने ऐसा किया है? मैं देखता हूं कि उन्होंने पिछले 3-5 सालों में क्या किया है, एक टूर्नामेंट तय नहीं कर सकता। मेरे लिए, घरेलू सीरीज हार ज्यादा निराशाजनक थी क्योंकि भारत का न्यूजीलैंड से 3-0 से हारना ज्यादा कठिन था।

रोहित की कप्तानी यादगार ऊंचाइयों और कुछ बेहद निराशाजनक निचाइयों का मिश्रण रही है। चाहे वह 2023 में घरेलू मैदान पर होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप के दौरान लगातार 10 मैच जीतना हो, जिसका फाइनल ऑस्ट्रेलिया से हार के साथ समाप्त हुआ हो या 2024 में बारबाडोस में आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतकर भारत की वापसी हो, रोहित की कप्तानी ने प्रशंसकों को बहुत सारी सकारात्मकताएं दी हैं। उनके नेतृत्व में टीम ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 के फाइनल में भी जगह बनाई, जहां वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए। हालांकि, 2024 की दूसरी छमाही के बाद से बल्लेबाज और कप्तान दोनों के रूप में 'हिटमैन' की किस्मत ने उनका साथ छोड़ दिया है।

बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हुए 2024/25 टेस्ट सीजन में रोहित ने आठ मैचों और 15 पारियों में 10.93 की औसत से सिर्फ 164 रन बनाए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 52 रहा। हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान वह तीन टेस्ट मैचों में सिर्फ 31 रन बना सके, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 10 रहा। उनका फॉर्म संघर्ष इतना खराब था कि उन्होंने सिडनी में अंतिम टेस्ट से बाहर रहने का विकल्प चुना। 2024 कैलेंडर वर्ष में रोहित ने छह टेस्ट गंवाए, जिसमें चार मैच घर में खेले गए। इससे कप्तान के रूप में रोहित के टेस्ट रिकॉर्ड में गिरावट आई, जिसमें 12 जीते और नौ हारे, जबकि तीन ड्रॉ रहे।

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS

INDIA

38 वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड 25 रजत जयंती वर्ष


## 38वें राष्ट्रीय खेल

# उत्तराखण्ड में आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन



**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**28 जनवरी-14 फरवरी, 2025**



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## इन स्थानों पर होंगे नेशनल गेम्स

**देहरादून:** स्क्वॉश, तीरंदाजी, शूटिंग पिस्टल और राइफल, 5 गुणा 5 और 3 गुणा 3 बास्केटबॉल, जिम्नास्टिक, नेटबॉल, वुशु, जूडो, रग्बी सेवन्स, लॉन बॉल, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, टेनिस।

**ऋषिकेश टिहरी:** इक्सट्रीम सलालम, कैनोई सलालम, बीच हैंडबॉल, बीच वॉलीबॉल, बीच कबड्डी।

**ऊधमसिंह नगर:** साइकिलिंग ट्रैक, साइकिलिंग रोड, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, शूटिंग ट्रैप, स्केट, मलखंब।

**हल्द्वानी:** फुटबॉल, खो-खो, ताइक्वांडो, मॉडर्न पैंटॉथालान, स्वीमिंग, फेंसिंग, ट्रायथलॉन।

**हरिद्वार:** हॉकी, कबड्डी, कुश्ती, कलारीपयट्टू।

**नई टिहरी:** क्याकिंग और कैनोइंग (स्प्रिंट), रोइंग।

**नैनीताल (भीमताल):** साइकिलिंग एमटीबी।

**अल्मोड़ा:** योगासन।

**पिथौरागढ़:** बॉक्सिंग।

**चंपावत:** रॉफ्टिंग।

## संकल्प से शिखर तक

देशभर के करीब 10,000 खिलाड़ी अपना हुनर दिखाएंगे

राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखण्ड की खेल प्रतिभाओं को एक नया मंच मिलेगा

35 खेल स्पर्धाओं में दमखम दिखाएंगे देशभर के खिलाड़ी

योग व मलखंब को किया गया है राष्ट्रीय खेलों में शामिल





तेजस्विनी (मशाल)



मौली (मैस्कट)







अधिक जानकारी के लिए लॉगइन करें:-
https://38nguk.in/

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR